


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 55 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 8 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# भानुप्रतापपुर में कांग्रेस की जीत, शुरू हुआ जीत का जश्न

## सीएम ने जनता का जताया आभार भाजपा का सूपड़ा साफ

श्रीकंचनपथ न्यूज




कांकेर। भानुप्रतापपुर उपचुनाव में 14 वें राउंड की काउंटिंग खत्म हो गई है। कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी लगातार जीत की ओर आगे बढ़ रही है। सावित्री 19436 वोटों से आगे चल रही है। वहीं भाजपा प्रत्याशी दूसरे नंबर पर हैं। सर्व आदिवासी समाज के प्रत्याशी अकबर राम कोर्राम तीसरे स्थान पर आ गए हैं। चौदह राउंड की गिनती के बाद सावित्री मण्डावी को 52389 वोट भाजपा के ब्रम्हानंद नेताम को 33581 और अकबर कोर्राम को 21183 वोट मिले है।

यहां भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया। विधायक मनोज मंडावी के निधन के बाद यहां सीट खाली हुई थी। जिसके बाद कांग्रेस ने मनोज मंडावी की पत्नी सावित्री को टिकट दिया था। सावित्री ने पहले राउंड से ही बढ़त बनानी शुरू कर दी थी जो लगातार कायम रही इसी वजह से लगातार हर जगह भाजपा प्रत्याशी पिछड़ते चले गए। करीब पांच राउंड में आगे होने के बाद मतगणना स्थल के सामने कांग्रेसियों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। वही प्रदेश के कई शहर में कांग्रेसी भानुप्रतापपुर सहित हिमाचल में कांग्रेस की जीत का जश्न मना रहे हैं।

### सीएम बोले जनता का मिल रहा आशीर्वाद

हिमाचल और भानुप्रतापपुर उपचुनाव में जीत की ओर बढ़ रही कांग्रेस पर सीएम भूपेश बघेल ने पहली चुनावी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये सब जनता का आशीर्वाद है। वहीं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने एक बार फिर भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एक नंबर की झूठी पार्टी भाजपा है। वहीं सर्व आदिवासी समाज के चुनाव लडऩे पर समाज के लोगों को उन्होंने बधाई दी है।



### सुरक्षाबलों की तैनाती

14 टेबल पर 256 ईवीएम के लिए 19 राउंड में काउंटिंग होगी। साथ ही 10 बजे से शुरुआती रुझान आने भी शुरू हो गए थे। सुबह सुरक्षाबलों के साथ मत पेटियां गिनती के लिए स्ट्रॉन्ग रूम के अंदर भेजी गई थी। स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। भारी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती है।

# गुजरात में बड़ी जीत की ओर भाजपा

## 157 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी आगे, कांग्रेस सिर्फ 17 सीटों पर सिमटी




गांधीनगर (एजेंसी)। गुजरात में 182 सीटों वाले विधानसभा चुनाव में वोटों की गिनती शुरू हो गई है। भाजपा 157 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं कांग्रेस 17 सीटों पर आगे है। बड़े उलटफेर का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी 5 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। वहीं अन्य उम्मीदवार तीन सीटों पर आगे चल रहे हैं। शुरूआती रूझानों में भाजपा गुजरात में एक बड़ी जीत की ओर आगे बढ़ते हुए नजर आ रही है। गुजरात में चुनावी सभा से ही लोग अंदाजा लगा रहे थे कि इस बार फिर भाजपा सत्ता में आएगी।

### गुजरात में शुरुआती रूझान (दोपहर तक)

कुल सीट- 182
भाजपा- सीट- 157
कांग्रेस- सीट- 17
आप-सीट- 5
अन्य-सीट-3

### इस बार कम हुई है वोटिंग

गुजरात में सुबह 8 बजे से पहले आधे घंटे में पोस्टल बैलेट्स की गिनती की गई। इसके बाद इवीएम से काउंटिंग शुरू हुई। राज्य में इस बार दोनों फेज में 64.प्रतिशत वोटिंग हुई। यह पिछली बार के 69.प्रतिशत से करीब 5 फीसदी कम है। बीते पांच में से तीन चुनाव में वोट प्रतिशत गिरने पर भाजपा को नुकसान और कांग्रेस को फायदा हुआ है। हालांकि, 2012 के चुनाव में वोटिंग 13 प्रतिशत बढऩे के बावजूद भाजपा को दो सीटों का घाटा हुआ था।

# हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस 40 सीटों पर और भाजपा 25 सीटों पर आगे




शिमला। हिमाचल प्रदेश की 68 विधानसभा सीटों के लिए मतगणना शुरू हो गई है। रुझानों में कांग्रेस पार्टी नंबर वन पर बनी हुई है, पार्टी 40 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं भाजपा को 25 सीटों पर बढ़त मिली है। इधर आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश में अपने अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। वहीं अन्य प्रत्याशी तीन सीटों पर आगे चल रहे हैं। हिमाचल में 12 नवंबर को वोटिंग हुई थी।

### क्या बदलेगी सरकार

राज्य में 1985 के बाद कोई पार्टी अपनी सरकार रिपीट नहीं कर पाई है। तब कांग्रेस की सरकार थी और मुख्यमंत्री थे वीरभद्र सिंह। इस बार सबकी नजर इसी बात पर है कि क्या पहाड़ पर सरकार बदलने का ट्रेंड जारी रहेगा या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे के सहारे भाजपा इस रिवाज को बदलने में कामयाब रहेगी।

### हिमाचल में शुरूआती रूझान

**कुल सीट- 68**
**कांग्रेस- सीट- 40**
**भाजपा- सीट- 25**
**आप-सीट- 0**
**अन्य-सीट-3**

### हिमाचल के नतीजे पर सीएम का बड़ा बयान

हिमाचल में कांग्रेस की बढ़त को देखते हुए सीएम भूपेश बघेल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा कुछ भी कर सकती है। मीडिया के सवालों पर सीएम बघेल ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस बहुतम से सरकार बनाएगी, लेकिन हमें अपने विधायकों का ख्याल रखना होगा। क्योंकि भाजपा खरीद फरोख्त में माहिर है। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने इस बात से भी इंकार किया कि हिमाचल के विधायकों को छत्तीसगढ़ लाया जाएगा।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच वन डे मुकाबला रायपुर में

## राजधानी के अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में होगा मैच

श्रीकंचनपथ न्यूज



रायपुर। प्रदेश के क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबला देखने को मिलेगा। जानकारी के अनुसार भारत दौरे पर आने वाली न्यूजीलैंड की टीम राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में 21 जनवरी को भारत से वनडे मुकाबला खेलेगी। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के द्वारा एक प्रेस रिलीज जारी कर इस बात की जानकारी दी है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की दौरा एवं कार्यक्रम निर्धारण समिति की बैठक मंगलवार को हुई। इसमें न्यूजीलैंड दौरे को अंतिम रूप दिया गया। इस दौरे पर तीन वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले जाएंगे। सीरीज के कार्यक्रम की अभी आधिकारिक घोषणा होना शेष है।

बीसीसीआई से जुड़े सूत्रों के अनुसार वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 18 जनवरी को हैदराबाद में जबकि दूसरा मुकाबला 21 जनवरी को रायपुर में होगा वहीं 24 जनवरी को तीसरा व निर्णायक वनडे इंदौर में खेला जाएगा।

# महुदा मे इथेनॉल सयंत्र लगाए जाने के विरोध में लामबंद हुए ग्रामीण, बोर खनन करने पहुंचे वाहन का घेराव

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन के ग्राम महुदा में इथेनॉल प्लांट लगाए जाने का ग्रामीण जमकर विरोध रहें हैं। गुरुवार को गांव में प्लांट की शुरुआत के लिए बोर खनन के लिए वाहन पहुंचा था। जिसका सुबह से ही ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया।



ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच ने ग्राम सभा की अनुमित के बिना ही संयंत्र मालिक को 15 एकड़ ममीन आंबटित कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि ज्योत्सना ग्रीन प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को इथेनॉल संयंत्र लगाने ग्राम पंचायत द्वारा 15 एकड़ जमीन आबंटन किया गया है। और जिस जमीन में संयंत्र लगाने की अनुमति दी गई है। उस स्थान पर लगभग 30 सालों से पेड़ लगाकर कर नर्सरी के रूप में संरक्षित कर रहे है।

### दो महीने पहले कलेक्टर से भी शिकायत

ग्रामीणों ने बताया कि गांव मे इथेनॉल संयंत्र लगाने के लिए ग्रामसभा में भी जानकारी नहीं दी गई। प्लांट लगाए जाने की जानकारी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जन्मदिन पर हुए कार्यक्रम में जब लोगों ने भूमिपजन का बोर्ड देखा तब उन्हें पता चला। जिसके बाद ग्रामीण प्लांट लगाने के विरोध करने 26 सितंबर को जिला कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी पाटन के नाम ज्ञापन सौपा। ग्रामीणों ने सरपंच पर आरोप लगाया कि सरपंच ने चोरी छिपे यह फैसला लिया है। गांव की जमीन पर उद्योग नहीं लगने दिया जाएगा। ग्रामीणों के भारी विरोध को देखते हुए। पुलिस बल सुबह से तैयात किया गया था। संयंत्र का विरोध कर रहे पूर्व सरपंच कामता पटेल को हिरासत में ले लिया गया है।

## ईडी ने केरल में की छापेमारी, 2.5 करोड़ रुपये का सोना जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि उसने केरल में चार प्रमुख ज्वैलर्स के परिसरों पर तलाशी ली है और 2.51 करोड़ रुपये मूल्य का 5.058 किलोग्राम सोना जब्त किया है। मालाबार ज्वैलरी, (मलप्पुरम), फाइन गोल्ड (मलप्पुरम), एटलस गोल्ड सुपर मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड (कोझिकोड) और अबुबकर पाजेदथ (मलप्पुरम) के आवासीय परिसरों की जांच एजेंसी द्वारा तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान, परिसर में सोने के आभूषणों को छुपाने के लिए एक गुप्त कक्ष पाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 3.79 लाख रुपये नकद के साथ 2.51 करोड़ रुपये मूल्य के 5.058 किलोग्राम सोने के आभूषण बरामद किए गए।

# गोबर से वेब सीरीज तक दिखाया इनोवेशन

श्रीकंचनपथ




खामियां किसमें नहीं होतीं. देवता भी इससे अछूते नहीं हैं. पर हम केवल उनकी खूबियों को याद करते हैं. इसी तरह जो लोग दूसरों में केवल खामियां देखने के अभ्यस्त हैं उनकी तो शादियां तक नहीं चलतीं. घर में रोज-रोज के झगड़े होने लगते हैं. जिस प्यार को पाने के लिए कभी एड़ी चोटी का जोर लगाए रहते थे, अब उसी को मारने दौड़ते हैं. फर्क सिर्फनजर और नजरिये का है. खामियां छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री में भी होंगी. वे हद दर्जे तक साहसी और बेपरवाह हैं. ये मुखिया के गुण नहीं होते. पर दूसरी तरफ उनकी सोच की व्यापकता को देखें तो मन प्रफुल्लित हो जाता है. कहने को तो वो गांव-गोबर से निकले नेता हैं पर उनकी सोच कहीं आगे तक जाती है. छोटे-छोटे परिवर्तनों से उन्होंने उम्मीद की एक ऐसी मशाल जलाई है, जिससे राज्य का चप्पा-चप्पा प्रकाशमान हो रहा है. नरवा-गरुवा-घुरवा-बाड़ी से जहां गांव आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ चले हैं वहीं आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों ने निजी स्कूलों पर नकेल कस दी है. सरकारी अस्पतालों को मजबूत करने और उन्हें विस्तार देने की दिशा में तेजी से कदम उठाए जा रहे हैं ताकि चिकित्सा सेवाओं को आम लोगों की पहुंच के भीतर लाया जा सके. नवाचारों की यह फेहरिस्त यहीं खत्म नहीं हो जाती. पर्यटन की असीम संभावनाओं वाले राज्य छत्तीसगढ़ में कभी इसे सीरियसली नहीं लिया गया था. बंद कमरों में केवल मोटल-होटल खोलने की योजनाएं बनती रहीं. चार पैसा कमाने वाले गोवा-शिमला और लेह-लद्दाख जाते रहे. पर 18 साल के छत्तीसगढ़ ने अपने फैसले खुद लेने शुरू कर दिये. उसने प्रभु श्रीराम के वन-गमन पथ पर काम करना शुरू किया ताकि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिले. यह पर्यटन का वह क्षेत्र है जहां न्यूनतम सुविधाओं में अधिकतम पर्यटक आते हैं. लोहे की छोटी कड़ाही में भजिया तलने वालों को रोजगार मिल जाता है. बीहड़ों में भी चहल-पहल होने लगती है. पर छत्तीसगढ़ की ऐतिहासक धरोहरों और खूबसूरत प्राकृतिक छटाओं का दोहन करने के लिए इतना काफी नहीं था. राज्य का सिनेमा उद्योग काफी समय से परेशान था. स्थानीय फिल्मों को स्क्रीन नहीं मिलते थे. इस उद्योग में विकास की असीम संभावनाएं हैं. छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री ने फिल्म जगत को आकर्षित करने की नई तरकीब निकाली. एक साल पहले उन्होंने दुनिया भर के फिल्मकारों को राज्य में आने का न्यौता दिया. उन्हें यह प्रस्ताव भी दिया कि यदि आप छत्तीसगढ़ के लोकेशन्स पर शूटिंग करते हैं और स्थानीय कलाकारों को मौका देते हैं तो सरकार आपको सब्सिडी देगी. उद्देश्य यही था कि स्थानीय कलाकारों को बड़ा मंच मिले. बोनस के रूप में छत्तीसगढ़ की पर्यटन संभावनाओं का मुफ्त में प्रचार प्रसार भी हो जाएगा. योजना रंग लाने लगी है. बॉलीवुड के एक वेबसिरीज की यहां शूटिंग शुरू हो चुकी है. 60 दिन की शूटिंग हो भी चुकी है. फिलहाल लोकेशन राजनांदगांव जिला है. क्या पता किसी दिन बॉलीवुडिया भोजपुरी की तरह बॉलीवुडिया छत्तीसगढ़ी भी अंतरराष्ट्रीय हो जाए.



## संपादकीय

# राजधानी के नतीजे

दिल्ली नगर निगम चुनाव के नतीजे पूरे देश के लिए रोचक और गौरतलब हैं। आम आदमी पार्टी ने 134 सीटों पर जीत दर्ज करने के साथ भारतीय जनता पार्टी को झटका दिया है। दिल्ली नगर निगम में साल 2007 से ही भाजपा का वर्चस्व था, इसलिए उसकी हार का जो महत्व है, उसे समग्र राजनीति के तराजू पर जरूर परखना चाहिए। भाजपा पहले राष्ट्रीय राजधानी में लोकसभा चुनाव और नगर निगमों में हावी थी, लेकिन अब वह स्थानीय शासन-प्रशासन से पूरी तरह बाहर हो गई है। न निगम पास में है, न विधानसभा, अब लोकसभा सांसदों को जो परेशानी होगी, उसका अनुमान लगाया जा सकता है। बहुमत से 22 सीटें कम, मतलब 104 सीटें जीतने वाली भाजपा इस बात से संतोष कर सकती है कि उसका मत प्रतिशत बढ़ा है, पर नगर निगम में सत्ता का हाथ से निकल जाना, उसे दिल्ली की जमीन पर कुछ कमजोर जरूर कर देगा। भाजपा की सशक्त केंद्रीय सत्ता के ठीक नाक तले आप की यह जीत बहुत चौंकाती नहीं है, लेकिन इस जीत से पार्टी को अपनी बढ़ी हुई जिम्मेदारियों का एहसास जरूर होना चाहिए। यह स्वागतयोग्य है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शहर के लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी आशीर्वाद मांगा है। वाकई केंद्र सरकार से सहयोग बिना दिल्ली में जरूरी विकास को तेजी नहीं मिल सकती। केजरीवाल ने फिर अपना वादा दोहराया है कि हमें भ्रष्टाचार खत्म करना है, हमें दिल्ली को साफ करना है। अब कम से कम दिल्ली में आम आदमी पार्टी को कोई भी हल्के से नहीं लेगा। लगभग आठ वर्ष के समय में दिल्ली में यह पार्टी की चौथी चुनावी जीत है। पार्टी की सफलता कोई तुक्का नहीं है। कड़ी मेहनत और चतुराई भरी राजनीति से ही वह इस मुकाम पर पहुंची है। इस साल की शुरुआत में पार्टी ने धमाकेदार जीत के साथ पंजाब में सरकार बनाई है। नगर निगम के चुनावी नतीजों ने साबित किया है कि दिल्ली में भाजपा भले ही मजबूत है, लेकिन यहां के लोगों को आप से ज्यादा उम्मीदें हैं। लोग चाहते हैं कि आप अपने वादे पूरे करे, ताकि दिल्ली दुनिया के बेहतरीन शहरों में शुमार हो। अब आप के लिए राजनीतिक बहाने बनाने की गुंजाइश बहुत घट गई है। हालांकि, आप के जिन नेताओं से लोग पूरे संतुष्ट नहीं हैं, उनके इलाकों में भाजपा पर विश्वास लौट आया है। नतीजों ने बता दिया है, जो काम नहीं करेगा, उसे जनता सेवा का मौका नहीं देगी। बहरहाल, दिल्ली में कांग्रेस के लिए यह गहरे चिंतन का समय है। शीला दीक्षित के समय की सशक्त कांग्रेस महज नौ सीटों तक सिमट आई है। इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में नौ प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। आप और भाजपा ने पूरा जोर लगाया, क्या कांग्रेस उतना जोर नहीं लगा पाई? क्या कांग्रेस के नेतृत्व ने अपने जमीनी नेताओं को अपने हाल पर छोड़ दिया है? अनुमान लगाया जा रहा है कि अल्पसंख्यक मत कांग्रेस की ओर लौटे हैं, तो इसके निहितार्थ समझने की जरूरत है। भाजपा ने चार मुस्लिम उम्मीदवार खड़े किए थे, लेकिन लोगों ने विश्वास नहीं जताया, यह भाजपा के लिए भी सोचने वाली बात है। पांव जमीन पर रखते हुए, लोगों के दुख-दर्द में साथ खड़े होकर ही सच्ची राजनीति और सबका विकास किया जा सकता है। बताने की जरूरत नहीं कि सेवा का मौका मिलने पर कसर छोड़ने वालों की जगह घटती चली जाएगी। हारने वालों को भी अपने काम और सेवा से ही आगे का रास्ता तय करना होगा।

> “ लोग चाहते हैं कि आप अपने वादे पूरे करे, ताकि दिल्ली दुनिया के बेहतरीन शहरों में शुमार हो। अब आप के लिए राजनीतिक बहाने बनाने की गुंजाइश बहुत घट गई है। हालांकि, आप के जिन नेताओं से लोग पूरे संतुष्ट नहीं हैं, उनके इलाकों में भाजपा पर विश्वास लौट आया है। नतीजों ने बता दिया है, जो काम नहीं करेगा, उसे जनता सेवा का मौका नहीं देगी। बहरहाल, दिल्ली में कांग्रेस के लिए यह गहरे चिंतन का समय है। शीला दीक्षित के समय की सशक्त कांग्रेस महज नौ सीटों तक सिमट आई है।

## जीएम फसलों को ना कहना होगा

हाल के वर्षों में किसानों के संकट का एक बड़ा कारण यह है कि उनकी आत्मनिर्भरता और स्वावलंबिता में भारी गिरावट आई है व वे कृषि की नई तकनीकों को अपनाने के साथ रासायनिक कीटनाशक, खरपतवारनाशक, रासायनिक खाद, बाहरी बीजों व उपकरणों पर बहुत निर्भर हो गए हैं। उन्होंने यह निर्भरता स्वीकार तो उस उम्मीद से की थी कि यह उन्हें आर्थिक समृद्धि की ओर ले जाएगी, पर आरंभिक कुछ वर्षो की सफलता के बावजूद कुछ ही वर्षो में भूमि के उपजाऊपन पर इन रसायनों का प्रतिकूल असर नजर आने लगा व महंगी तकनीक का बोझ परेशान करने लगा। विशेषकर छोटे किसान तो कर्ज की मार से परोन रहने लगे। फसलों की नई किस्मों को लगने वाली नई तरह की बीमारियों व कीड़ों ने विशेष रूप से परेशान किया। जहां जमीनी स्तर पर किसान इन अनुभवों से गुजर रहे थे, वहां बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के स्तर पर ऐसे प्रयास चल रहे थे कि किसानों पर अपना नियंत्रण और बढ़ा लिया जाए। इस नियंत्रण को बढ़ाने का प्रमुख साधन बीज को बनाया गया क्योंकि बीज पर नियंत्रण होने से पूरी खेती-किसानी पर नियंत्रण हो सकता है। अत- बड़ी कंपनियों ने बीज क्षेत्र में अपने पैर फैलाने आरंभ किए। पहले बीज के क्षेत्र में छोटी कंपनियां ही अधिक नजर आती थी, पर अब विव स्तर की बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने छोटी-छोटी कंपनियों को खरीदना आरंभ किया। जो बड़ी कंपनियां इस क्षेत्र में आई, वे पहले से कृषि रसायनों व विशेषकर कीटनाशकों, खरपतवारनाशकों आदि के उत्पादन में लगी हुई थी। इस तरह बीज उद्योग व कृषि रसायन उद्योग एक ही तरह की कंपनी के हाथ में केंद्रीकृत होने लगा। इससे यह खतरा उत्पन्न हुआ कि ये कंपनियां ऐसा बीज तैयार करेंगी जो उनके रसायनों के अनुकूल हो अथवा बीज को वे अपने रसायन की बिक्री का मायम बनाएंगी। अनेक बड़ी कंपनियों को लगा कि अपने विभिन्न उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए, जैसे कि ऐसे बीज बनाना जो उनके रसायनों की बिक्री के अनुकूल हो, उन्हें जेनेटिक इंजीनियरिंग से अधिक मदद मिल सकती है। अत-इन कंपनियों ने जेनेटिक इंजीनियरिंग में बड़े पैमाने पर निवेश करना आरंभ किया। जेनेटिक इंजीनियरिंग से प्राप्त फसलों को संक्षेप में जी.एम. (जेनेटिकली मोडीफाइड) फसल कहते हैं। जी.एम. फसलों के विरोध का एक मुख्य आधार यह रहा है कि यह फसलें स्वास्थ्य व पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित नहीं हैं तथा यह असर जेनेटिक प्रदूषण के माध्यम से अन्य सामान्य फसलों व पौधों में फैल सकता है।

इस विचार को इंडिपेंडेंट साइंस पैनल (स्वतंत्र विज्ञान मंच) ने बहुत सारगर्भित ढंग से व्यक्त किया है। पैनल में एकत्र हुए वि के अनेक देशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों ने जी.एम. फसलों पर एक महत्त्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किया, जिसके निष्कर्ष में उन्होंने कहा है-जी.एम. फसलों के बारे में जिन लाभों का वायदा किया गया था वे प्राप्त नहीं हुए हैं व यह फसलें खेतों में बढ़ती समस्याएं उपस्थित कर रहीं हैं। अब इस बारे में व्यापक सहमति है कि इन फसलों का प्रसार होने पर ट्रांसजेनिक प्रदूषण से बचा नहीं जा सकता है। अत-जी.एम. फसलों व गैर जी.एम. फसलों का सह अस्तित्व नहीं हो सकता है। सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि जी.एम. फसलों की सुरक्षा या सेफ्टी प्रमाणित नहीं हो सकी है। इसके विपरीत पर्याप्त प्रमाण प्राप्त हो चुके हैं, जिनसे इन फसलों की सेफ्टी या सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं उत्पन्न होती हैं। यदि इनकी उपेक्षा की गई तो स्वास्थ्य व पर्यावरण की क्षति होगी जिसकी पूत्तर्[ नहीं हो सकती है, जिसे फिर ठीक नहीं दिया जा सकता है। जी.एम. फसलों को अब दृढ़ता से रिजेक्ट कर देना चाहिए, अस्वीकृत कर देना चाहिए।

> “ आम आदमी पार्टी ने बहुमत का आंकड़ा तो पार किया, लेकिन विधानसभा चुनावों की तरह एक तरफा जीत नहीं हासिल कर सकी। भाजपा के लिए बस यही बात सुकूनदेह है।

# दिल्ली में मजबूत होती आप की पकड़



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के चुनावी नतीजों ने आम आदमी पार्टी के अंदर नई ऊर्जा का संचार किया है। तमाम एग्जिट पोल इसके कयास लगा भी रहे थे। हालांकि, उन सर्वेक्षणों में आप की बड़ी जीत का दावा किया गया था, लेकिन नतीजे बता रहे हैं कि पार्टी ने बहुमत का आंकड़ा तो पार किया, लेकिन विधानसभा चुनावों की तरह एकतरफा जीत नहीं हासिल कर सकी। यही बात भाजपा के लिए सुकूनदेह है। वह पिछले 15 वर्षों से एमसीडी पर काबिज थी और कहा जा रहा था कि इस बार उसे सत्ता विरोधी रुझान की भारी कीमत चुकानी होगी। मगर तमाम अनुमानों को ध्वस्त करते हुए उसने न सिर्फ सीटों का शतक पूरा किया, बल्कि अपने वोट भी बढ़ाए हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि चुनाव चाहे स्थानीय निकाय के हों, विधानसभा के या फिर लोकसभा के, दिल्ली में उसके पास 35 फीसदी के आसपास ऐसे वोटर हैं, जो हर मतदान में उसके पक्ष में खड़े रहते हैं। दिल्ली के पिछले कुछ चुनाव इसकी पुष्टि भी करते हैं।

साल 2012 के एमसीडी चुनावों में भाजपा को लगभग 37 फीसदी वोट मिले थे और उसने 138 सीटें जीती थीं। 2017 में भी उसे कमोबेश इतने ही मत मिले, लेकिन सीटों की संख्या बढ़कर 181 हो गई। इस बार उसके हिस्से में करीब 39 फीसदी वोट आए हैं, पर सीटें घटकर 104 रह गई हैं। समान मत-प्रतिशत पर सीटों के घटने-बढ़ने का यही अर्थ है कि बदलाव गैर-भाजपा मतों में हो रहा है, जिसका बड़ा फायदा आप को मिला है। आप का गठन 2012 में हुआ और 2017 में यह पहली बार एमसीडी चुनावों में उतरी। चूंकि 2015 के विधानसभा चुनावों में उसे भारी बहुमत मिला था, इसलिए संभावना जताई गई थी कि 2017 में एमसीडी भी उसके खाते में आ जाएगी। मगर उस चुनाव में उसे 26 फीसदी मत मिले और 48 सीटों पर ही उसे जीत नसीब हुई। उल्लेखनीय यह भी है कि 2012 के चुनावों में कांग्रेस के पास 30 प्रतिशत वोट थे, जो 2017 में घटकर 21 प्रतिशत रह गए, जबकि बसपा को 2012 की तुलना में 2017 के एमसीडी चुनाव में छह प्रतिशत मतों का नुकसान हुआ था। निर्दलीय उम्मीदवारों के समर्थक भी छह प्रतिशत कम हो गए थे। जाहिर है, इन सब वोटों का एक बड़ा हिस्सा आप के खाते में गया था। इस बार के चुनाव में भी कांग्रेस व अन्य तमाम पार्टियां मानो जमींदोज हो गई हैं। कांग्रेस का मत-प्रतिशत तो 10 के करीब आ गया है। नतीजतन, आप का वोट प्रतिशत 40 के पार पहुंच गया और एमसीडी पर उसका कब्जा हो गया है।

इन चुनावों का संदेश स्पष्ट है। विधानसभा के बाद स्थानीय निकाय पर भी सत्तासीन होने से दिल्ली में आम आदमी पार्टी काफी मजबूत हो गई है। इससे दिल्लीवालों को कितना फायदा होगा, इसका जवाब तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन अब आप और भाजपा के बीच तकरार बढ़ने के कयास गलत नहीं जान पड़ रहे। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि अब आप, खासतौर से पंजाब जीतने के बाद खुद को राष्ट्रीय पार्टी के रूप में देखने लगी है। साथ ही, यह ध्यान रखने की भी जरूरत है कि स्थानीय चुनावों का लोकसभा के नतीजों पर खास असर नहीं होता। ऐसा हमने पिछले कई चुनावों में देखा भी है। मसलन, पिछले दो आम चुनावों क्रमश 2014 और 2019 में दिल्ली की सभी सातों लोकसभा सीटें भाजपा के पक्ष में गईं, लेकिन ठीक एक साल बाद हुए विधानसभा चुनावों (2015 और 2020) में सत्ता का ताज आप के सिर सजा। यानी, दिल्ली की भीतरी राजनीति में अब आप कहीं अधिक मजबूती से उभरेगी जरूर, लेकिन लोकसभा में भाजपा अपने कोर मतदाताओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता के कारण अच्छा प्रदर्शन करती रहेगी।

आप और भाजपा की यह सियासी जंग कांग्रेस पर भारी पड़ रही है। लोकसभा और विधानसभा में तो दिल्ली के मतदाता उससे रूठ ही गए हैं, एमसीडी में भी उसका प्रतिनिधित्व दहाई के नीचे रह गया है। इसका मतलब है कि जो पार्टी 1998 से 2013 तक दिल्ली की सूबाई राजनीति की धुरी रही, एमसीडी चुनावों में भी जिसने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, उसके पास दिल्ली में अब सम्मानजनक संख्या में सीटें भी नहीं हैं। यानी, दिल्ली की राजनीति के दरवाजे अब कम से कम कुछ समय के लिए कांग्रेस के लिए बंद हो गए हैं।

सवाल यह है कि दिल्ली नगर निगम के नतीजे क्या देश की राजनीति को भी प्रभावित करेंगे? इन चुनावों को जिस तरह से गुजरात व हिमाचल विधानसभा चुनावों जैसा महत्व दिया गया है, उससे क्या संदेश निकलता है? मेरा मानना है कि सिर्फ एमसीडी चुनावों के परिणाम राष्ट्रीय राजनीति पर शायद ही असरंदाज हो सकेंगे। हां, अगर गुजरात में भी आप ने अच्छा प्रदर्शन किया, और जैसा कि कुछ एग्जिट पोल दावा कर रहे हैं कि वह 18 से 20 प्रतिशत मतदाताओं का भरोसा जीत सकती है, तो दिल्ली एमसीडी और गुजरात विधानसभा चुनावों के संयुक्त नतीजों के आधार पर यह पार्टी खुद को राष्ट्रीय राजनीति में मुख्य विपक्ष के रूप में स्थापित करने की कोशिश करेगी। चूंकि, दोनों जगहों से कांग्रेस को काफी नुकसान होता दिख रहा है, इसलिए आप की तरफसे यह संदेश दिया जाएगा कि आने वाले समय में विपक्ष की राजनीति की मजबूत दावेदार वह खुद है, न कि कांग्रेस।

वैसे, आप के इस राजनीतिक उभार का असर भाजपा पर भी होगा। भाजपा को यह बताया जाएगा कि दिल्ली में आप ने उसकी नाक के नीचे से सत्ता छीन ली, जबकि गुजरात में प्रधानमंत्री के गृह राज्य में उसने धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराई है। ऐसा करके वह खुद को भाजपा के सामने एक बड़ी चुनौती के रूप में पेश करेगी। हालांकि, भाजपा यह सोचकर फिलहाल संतुष्ट हो सकती है कि सबसे बड़ा दल होने के कारण वह देश में शीर्षस्थ है, और यह जंग आप और कांग्रेस में विपक्ष की मुख्य धुरी बनने को लेकर है। इससे कुछ समय तक उसे बेशक कोई फर्क न पड़े, लेकिन आगे की राजनीति के लिए उसे संजीदा होना होगा। ऐसा इसलिए भी कि भविष्य की राजनीति में किस पार्टी का उभार होगा और कौन से मुद्दे मुख्य बनेंगे, इसका ठीक-ठीक अनुमान लगा पाना अभी आसान नहीं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# जानते सभी पर कहता कोई नहीं

डॉ. प्रितम भी. गेडाम



देश में ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब भ्रष्टाचार की गंभीर घटनाओं की खबरें देखने पढ़ने सुनने को मिलती नहीं हो। हर क्षेत्र हर विभाग में कार्यरत अनेक कर्मचारी को भी पता होता है कि अनुचित कार्य पद्धति कहा पनपती है। अधिकतर जनता तो भ्रष्टाचार के बारे में सब कुछ जानकर भी मूकदर्शक की भूमिका निभाती है। अनेक विभागों में खुलेआम भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा हर काम का तय रेट बताकर नियमों का अमलीजामा पहनाया जाता है। हमारे यहाँ हर समस्या का जुगाड़ निकाला जाता है, रिश्वतखोरी के लिए भी नए-नए पैतरे आजमाए जाते है। भ्रष्टाचार देश में इस कदर फैल चुका है कि आनेवाली कई पीढ़ियों तक को इसकी गंभीर सजा भुगतनी पड़ेगी। किसी सार्वजनिक संवेदनशील फाइल पर एक भ्रष्ट अधिकारी की अनुचित अनुमति अनेक मासूमों के जिंदगी को मौत का फरमान सुना सकती है और अक्सर भ्रष्टाचार की बलि चढ़नेवाले अनेक भयावह दुखद हादसे देखने को मिलते है। बड़ी संख्या में सरकारी क्षेत्र के साथ ही निजी क्षेत्र में भी सिफारिस और राजनितिक दबाव देखा जाता है।

उदाहरण के लिए काल्पनिक तौर पर मान लो कि महाराष्ट्र राज्य के किसी सरकारी अनुदानित महाविद्यालय में अस्सिटेंट प्रोफेसर के पद के लिए कोई उमेदवार 50-55 लाख रुपये देकर किसी ईमानदार और काबिल उम्मीदवार का हक छीन कर खुद के लिए नौकरी पाता है, तो वह भ्रष्ट प्रोफेसर अपने पद पर आसीन होकर शिक्षक जैसे पवित्र पद से, अपने पेशे से कैसे न्याय कर पायेगा, समाज में कैसे आदर्श स्थापित करेगा और कैसे देश की सुसंस्कृत, काबिल विद्यार्थियों व सुजान नागरिकों की नयी पीढ़ी का शिल्पकार कहलायेगा? जिंदगी भर के लिए ऐसे शिक्षक आने वाली कई पीढ़ियों को बर्बाद करने का जिम्मेदार कहलाएंगे। जब ऐसे शिक्षक द्वारा शिक्षित पीढ़ी समाज के विविध क्षेत्रों में कार्यरत होगी तब तो उसका दुष्परिणाम हर ओर नजर आएगा। जब एक पीढ़ी बर्बाद होती है तब पुरे देश, पुरे समाज को उसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। अनेक दशक तक गुजर जाते है उच्च शिक्षित योग्य ईमानदार उम्मीदवार द्वारा नौकरी के लिए संघर्ष करते करते, इनकी जिंदगी की मेहनत तो भ्रष्टाचार की भेट चढ़ जाती है। यह तो सिर्फ एक क्षेत्र अंतर्गत एक विभाग की बात हुयी, अगर देश के हर क्षेत्र का यही हाल हो तो देश की हालत कितने बुरे दौर से गुजरेगी। भ्रष्टाचार से जिसका फायदा है वह खुश होता है, चाहे उसके वजह से कितनो को ही नुकसान हो जाये। हर तरफ समस्याओं का अंबार लग जाता है, अपराध वृद्धि, संस्कारहीन दुर्व्यवहार, आर्थिक असमानता, गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी सब भ्रष्ट प्रणाली की ही देन होती है।

यह भ्रष्टाचार मासूम से उसकी मासूमियत, युवाओं से उम्मीद, उनके भावी सपने और जिम्मेदारों से उनका आधार छीनता है। भ्रष्टाचार किसी की नौकरी छीनता है, तो किसी की पढ़ाई, किसी के आजीविका का साधन छीनता है तो किसी की मेहनत, किसी की दौलत तो किसी का न्याय तो किसी की तो अमूल्य जिंदगी ही छीनता है यह भ्रष्टाचार। भ्रष्टाचार हमारे भरोसे को खत्म करता है। करों व दरों को भी बर्बाद करता है जो समाज के महत्वपूर्ण सर्वांगीण विकास के लिए निर्धारित किए गए है। सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले देशों में भ्रष्टाचार की समस्या अधिक होती है एवं भारत देश उनमें से एक है। निजी क्षेत्र में भ्रष्टाचार की जांच के लिए विशेष कानून नहीं है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के करप्शन परसेप्शन इंडेक्स, 2021 में भारत 180 देशों में 85 वें स्थान पर है। विश्व स्तर पर, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अनुमान लगाया है कि लगभग 2.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का भ्रष्टाचार प्रति वर्ष है।

भ्रष्टाचार विरोधी पहल में हम जागरूकता से सूचना का अधिकार अधिनियम का उपयोग करके साथ ही लोक सेवा अधिकार कानून, भ्रष्टाचार विरोधी कानून, भ्रष्टाचार विरोधी पुलिस और अदालतें, भ्रष्टाचार विरोधी संगठन एवं चुनाव मतदान द्वारा हम इस गंभीर समस्या से लड़ सकते है। भ्रष्ट गतिविधियों और जोखिमों को उजागर करके सार्वजनिक क्षेत्र को ईमानदार, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना होगा। जितने बड़े पद पर व्यक्ति आसीन होगा वह उतना ही जनता का सेवक बनकर उनके लिए उत्तरदायी होगा, सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी जनहित में कार्य करना ही सर्वोपरि है। हमारी छोटी सी जिंदगी है, मेहनत करके सुख-समाधान, परोपकार, संस्कारशील जीवनयापन हर किसी का लक्ष्य होना चाहिए। लोगों में आत्मसम्मान, खुद्दारी, कर्तव्यदक्ष जैसे शब्दों का कोई अर्थ ही नहीं बचा, ऐसा ही दिखता है, जबकि प्रत्येक में लोकहित परम धर्म, सत्यनिष्ठा, सत्यवादिता, सीधापन, आचरण की सरलता, सकारात्मकता, भरोसेमंद, निष्पक्ष, विश्वसनीय, ईमानदार, शालीन, न्यायसंगत, स्पष्टवादी जैसे गुण होने ही चाहिए और जब किसी व्यक्ति पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हो तब तो अपने पद की गरिमा बनाये रखकर उसे योग्य न्याय देना ही प्रत्येक कर्मचारी का ध्येय होना चाहिए।

एक ओर देश के वीर सपूत जवान अपने फर्ज के लिए, माटी के लिए, देश की रक्षा की खातिर जान न्योछावर कर देते है एवं अमर होकर सदा के लिए लोगों के दिलों में जिंदा रहते है और दूसरी तरफ रिश्वतखोरी के कीचड़ में लिपटा हुआ देश का भ्रष्ट कपूत अपनी माटी से गद्दारी करके देश को समस्याओं के अंधेरे कुएं में धकेलने के लिए ही कार्य करता रहता है। आज हमारे समाज में बहुत सारे वे भ्रष्टाचारी लोग है जिन्होंने देश के साथ धोखा करके, विकास में रुकावट पैदा करके रिश्वत के पैसों से अपनी आने वाली सात पुश्तों के लिए खूब दौलत जमायी है, लेकिन जो देश का दुश्मन वो इंसानियत का दुश्मन होता है, ऐसे देशद्रोही भ्रष्टाचारी को कभी माफ़ नहीं किया जा सकता। भ्रष्टाचार द्वारा लोगों पर अत्याचार करके मजलूमों का हक छीन कर देश के गद्दार की जिंदगी जीने से अच्छा ईमानदारी से जनता के दिलो में अपने लिए सम्मान होना और सम्मान के साथ जीना।

भारत सरकार के केंद्रीय सतर्कता आयोग यह लोक प्रशासन में भ्रष्ट और अनैतिक प्रथाओं को खत्म करने के उद्देश्य से एक सामान्य और प्रभावी दृष्टिकोण सुनिश्चित करने और प्रशासन से नागरिकों की आकांक्षाओं के प्रति पारदर्शिता, निष्पक्षता, वस्तुनिष्ठता, और जवाबदेही लाने के लिए कार्य करता है। इनसे संपर्क करने के लिए टोल फ्री: 1800110180, 1964 पर कॉल कर सकते है। इसके साथ ही राज्य सरकार के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग भी इस समस्या से लड़ने के लिए सर्वदा तत्पर होते है, जैसे कि महाराष्ट्र राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग से संपर्क करने के लिए +91 22-249-21212, टोल फ्री नंबर 1064, व्हाट्सएप नंबर 9930997700, ई-मेल आईडी ड्डष्ह्व2द्गड्ढ-द्वड्डद्धड्डह्म्ड्डह्यद्धह्लह्म्ड्ड.द्दश1.द्बठ्ठ का उपयोग कर सकते है। भ्रष्टाचार यह अपने पद, समाज और देश के साथ सबसे बड़ी गद्दारी है। खुद्दार और जिम्मेदार बनकर सर्वदा जागरूक रहें, देश के विकास में सहयोग करें।

# भाजपा जी 20 पर वोट मांगेगी



अब यह तय हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी जी-20 की अध्यक्षता और अगले एक साल तक होने वाले इसके आयोजनों का राजनीतिक इस्तेमाल करेगी। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों को पहले से इसका अंदेशा है तभी कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि इस अवसर को राष्ट्रीय आयोजन बनाया जाए न कि भाजपा का आयोजन। लेकिन भाजपा इसे अपना आयोजन बनाने की तैयारी में लग गई है। सोमवार को भाजपा के पदाधिकारियों और बड़े नेताओं की एक बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद कहा कि भाजपा पूरे देश में इसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश करे।

दो दिन की इस बैठक का उद्घाटन करते हुए सोमवार को मोदी ने कहा कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने को बड़ी उपलब्धि के तौर पर शो केस करें और देश के नागरिकों को गर्व का अहसास कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता देश के नागरिकों को इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करें और उन्हें इससे जोड़ें। जाहिर है जी-20 की अध्यक्षता और पूरे साल में देश के अलग अलग शहरों में होने वाले दो सौ से ज्यादा बैठकों और कार्यक्रमों को प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धि के तौर पर पेश किया जाएगा। भाजपा इसके जरिए इस नैरेटिव को स्थापित करेगी कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ा है और भारत विश्व गुरू बना है।

# पश्चिम का बदलता नजरिया

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उरसुला वॉन डेर लियेन के इस बयान से पश्चिमी देशों में लोग सदमे में नजर आए कि युद्ध में यूक्रेन के एक लाख सैनिक और 20 हजार नागरिक मारे जा चुके हैं। बात इतनी बढ़ी कि डेर लियेन को अपना बयान वापस लेना पड़ा।

पहले जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज और फिर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने यह कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए रूस से बातचीत के लिए वे तैयार हैं। अब तक रूस से बात ना करने के सख्त रुख पर चल रहे इन देशों के नजरिए में आया यह बदलाव काफी कुछ कहता है। दरअसल, अब पश्चिमी राजधानियों में यह बात महसूस की जाने लगी है कि यूक्रेन को प्रॉक्सी बना कर रूस से युद्ध की उनकी रणनीति बिखर रही है। बीते हफ्ते यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उरसुला वॉन डेर लियेन के इस बयान से पश्चिमी देशों में लोग सदमे में नजर आए कि युद्ध में यूक्रेन के एक लाख सैनिक और 20 हजार नागरिक मारे जा चुके हैं। ये मसला इतना बढ़ा कि वॉन डेर लियेन को अपना यह बयान वापस लेना पड़ा। वैसे यह बात इसके पहले अमेरिका के सेना प्रमुख जनरल मार्क मिले भी कह चुके हैं। बीते अक्टूबर में उन्होंने कहा था कि युद्ध में एक लाख से अधिक रूसी सैनिक मारे गए हैं और संभवत: इतने ही यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। इसके अलावा रूसी हमलों से यूक्रेन के इन्फ्रास्ट्रक्चर को जो व्यापक नुकसान हुआ है, उसने वहां के लोगों को अंधकार और ठंड में जीने के लिए मजबूर कर दिया है। उधर यूक्रेन की मदद पहुंचे दूसरे देशों के 'स्वयंसेवकों' की भी बड़ी संख्या में मौत होने की खबर है। खुद पोलैंड ने स्वीकार किया है कि वहां से गए तकरीबन 1200 'स्वयंसेवक' मारे जा चुके हैं। उधर रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों से यूरोप के देश ऊर्जा संकट और मुद्रास्फीति की ऊंची दर का सामना कर रहे हैं। ऐसे में कई यूरोपीय स्पष्ट कर चुके हैं कि उनके संसाधन सीमित हैं, इसलिए अनिश्चित समय तक यूक्रेन को मदद देना उनके लिए संभव नहीं होगा। ऐसे में यूक्रेन की हार एक वास्तविक संभावना बन गई है। ये हार पश्चिमी देशों के जनमत के लिए गहरा सदमा होगी। तो संभवत: अब बातचीत से ऐसा हल निकालना उनकी प्राथमिकता बन गई है, जिससे पश्चिमी सरकारें अपनी जनता को युद्ध के सम्मानजनक शर्तों पर खत्म होने की कहानी बता सकें।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# मुख्यमंत्री ने सरायपाली में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से की भेंट-मुलाकात

## विभिन्न सामाजिक भवन के निर्माण के लिए 1.16 करोड़ रूपए की मंजूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज संध्या महासमुंद जिले के विकासखण्ड सरायपाली में विभिन्न समाज एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मण्डल से भेंट–मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर एक–एक कर सभी समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधियों से सामाजिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी लेने के साथ ही उनसे शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में भी फीडबैक लिया।



मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ रामनामी राम भजन संस्था बिलाईगढ़ के सदस्यों ने मुलाकात कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री से भुंजिया समाज, अधिवक्ता संघ बसना, राशन विक्रेताओं के प्रतिनिधियों, गाड़ा समाज, धोबी समाज, धुरवा समाज, कलार समाज, बंजारा समाज, कंवर समाज, उरांव समाज, संवरा समाज, अग्रवाल समाज, यादव समाज, साहू समाज, ब्राम्हण समाज, कोलता समाज, सिख समाज, मुस्लिम समाज, मानिकपुरी समाज, चौहान समाज सरपंच संघ, अखिल भारतीय यादव महासभा, बलौदाबाजार के किसानों के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की।

मुख्यमंत्री को सतनामी समाज बड़े साजापाली के प्रतिनिधिमंडल ने घासीदास जयंती पर कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया। सरायपाली धान खरीदी सोसायटी के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर पैरादान अपील के लिए उनके प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को पैरादान के लिए जागरूक करने के लिए धान खरीदी केन्द्रों में पैरादान अपील के बैनर का प्रदर्शन किया जाए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विभिन्न समाजों की मांग पर सामाजिक भवन और अन्य कार्यों के लिए लगभग 1 करोड़ 16 लाख 20 हजार रूपए की मंजूरी प्रदान की। इसमें उन्होंने अघरिया समाज के छात्रावास परिसर में डोम निर्माण के लिए 30 लाख रूपए, अग्रवाल समाज भंवरपुर के सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख रूपए, गायत्री ट्रस्ट के सामाजिक भवन के लिए 15 लाख रूपए, बंजारा समाज बसना की धर्मशाला निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, ब्रम्ह विद्या विहंगाम योग समिति को संस्था के लिए 15 लाख रूपए, विप्र समाज को गीता भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, धोबी समाज के सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख रूपए, नेहा नायक को बी.एड. की पढ़ाई के लिए 01 लाख 20 हजार रूपए देने की घोषणा की।

# वीर सैनिकों द्वारा देश के लिए की गई सेवाएं अविस्मरणीय - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव ।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसंबर को आज जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव में संपन्न हुआ। कलेक्टर डोमन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिले के गणमान्य नागरिक एवं भूतपूर्व सैनिक तथा उनके आश्रित उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि कलेक्टर डोमन सिंह ने भारत माता की फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखा गया।

कलेक्टर डोमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि वीर सैनिकों ने देश की एकता, अखंडता, सुरक्षा एवं संप्रभुता के लिए त्याग एवं बलिदान दिया है, वह अविस्मरणीय है। प्राकृतिक आपदाओं के समय अपनी जान जोखिम में डालकर सैनिक नागरिकों की सुरक्षा एवं सहायता करते हैं। उन्होंने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाने के उदेश्य के बारे में जानकारी दी, साथ ही भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की बधाई दी।

इस अवसर पर कल्याण संयोजक अविनाश चन्द्र पन्त सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। सचिव ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा सेवानिवृत्त ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाने के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमारे बहादुर और शहीद सैनिकों को सम्मान देना तथा सेवारत सैनिकों के साथ समस्त राष्ट्र की एकजुटता को दर्शाने के लिए यह दिन मनाया जाता है। यह दिवस युद्ध में हुये घायल एवं विकलांग तथा शहीदों के परिवारों के पुर्नवास की सहायता के लिए मनाते हैं। जिसमें झण्डे भेंटकर शहीदों के परिवार के कल्याण के लिए सहायता राशि एकत्रित की जाती है और संपूर्ण सहायता राशि को केन्द्रीय सहायता कोष में जमा की जाती है। दान की गई राशि 100 प्रतिशत कर मुक्त होती है। इस अवसर पर उन्होंने देश के सुप्रसिद्ध कवि माखनलाल चतुर्वेदी के पुष्प की अभिलाषा की पंक्तियों मुझे तोड़ लेना हे बनमाली, उस पथ पर देना तुम फेंक, मातृ–भूमि पर शीश– चढ़ाने, जिस पथ जाएं वीर अनेक.. का वाचन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने द्वितीय विश्व युद्ध के पेंशनर, भूतपूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं, आश्रितों को 6 हजार रूपए आर्थिक सहायता का चेक, 7 हजार रूपए चिकित्सा अनुदान एवं दो नागरिकों को 5 हजार रूपए जंगी ईनाम सम्मान निधि, पुरस्कार का चेक प्रदान किया। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक तथा सैनिक विधवाओं को जिला सैनिक कल्याण के कर्मचारी एवं एनसीसी कैडेट द्वारा पिन व फ्लेग वितरण किया गया और सभी ने स्वेच्छा से राशि का अंशदान किया।

## खास खबर

### ग्राम पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस

नागरिकों को मनरेगा के बारे में किया गया जागरूक

**कोरबा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के विषय में ग्रामीण श्रमिकों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में बुधवार को रोजगार दिवस मनाया गया। रोजगार दिवस में मनरेगा की विशेषताएं, श्रमिकों के अधिकार, काम की मांग, मातृत्व भत्ता योजना आदि के विषय में ग्रामीणों को जानकारी दी गई। नूतन कुमार कंवर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा द्वारा कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा सर्व जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक माह की 07 तारीख को ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक स्थानों पर ग्रामीणों के लिए जागरूकता गतिविधि के रूप में रोजगार दिवस आयोजित किये जाएं। जिसके परिपालन में आज ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस मनाये गये। ग्राम पंचायत रजगामार में आयोजित रोजगार दिवस में मनरेगा कोरबा के कार्यक्रम अधिकारी सुरेश यादव ने ग्रामीणों को मनरेगा के तहत हितग्राही मूलक सामुदायिक कार्य अभिसरण के कार्य, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यों की जानकारी देकर मनरेगा के तहत रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। तकनीकी सहायक प्रीति तिवारी ने श्रमिकों के अधिकार, श्रमिकों को कार्य स्थल पर मिलने वाली सुविधाएं– छाया घर, झुला, पेयजल, शिकायत निवारण प्रणाली, मातृत्व भत्ता योजना आदि की जानकारी ग्रामीणों को दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रजगामार में 44 श्रमिकों ने मनरेगा के डबरी निर्माण, भूमि सुधार आदि कार्यों में कार्य करने के लिए मांग पत्र भरे। ग्राम पंचायत मदनपुर कुटेशरनगोई, कसईपाली, नोनबिर्रा, सतरेंगा, तिलईडांड, अमझरा, भुलसीडीह आदि ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस मनाया गया। रोजगार दिवस में तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक सहित ग्रामीण श्रमिक उपस्थित रहे।

# विशेष पिछड़ी जनजातियों की भर्ती के लिए दो सप्ताह में जारी करें आदेश: भूपेश बघेल

- गरियाबंद जिले की सभी नगर पंचायतों का नया मास्टर प्लान शीघ्र तैयार करें
- रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के कार्य इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण करने के निर्देश
- कुम्हारों की मिट्टी के लिए जमीन आरक्षित की जाए
- स्कूलों की मरम्मत और नए कक्षों के निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराएं
- मुख्यमंत्री ने गरियाबंद में की योजनाओं की समीक्षा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट–मुलाकात के दौरान आज सवेरे गरियाबंद के सर्किट हाऊस में आयोजित अधिकारियों की बैठक में राज्य शासन की योजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि गरियाबंद जिले की विशेष पिछड़ी जनजातियों के योग्य युवाओं की भर्ती के लिए आगामी दो सप्ताह में आदेश जारी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति की भर्ती के लिए मेरिट के आधार पर पदों में भर्ती की सहमति दी गई है। मुख्यमंत्री ने जाति प्रमाण पत्रों में जाति का नाम अंग्रेजी में लिखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे मात्रात्मक त्रुटि के कारण जाति प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही समस्याओं का निराकरण हो सकेगा। श्री बघेल ने जिले में स्वीकृत सभी गौठानों के निर्माण का कार्य तेजी से पूरे करने के निर्देश दिए। श्री बघेल ने वन अधिकार मान्यता पत्रों के लंबित प्रकरणों का त्वरित समाधान करने के निर्देश देते हुए कहा कि कुम्भकारों को मिट्टी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए जमीन आरक्षित करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

श्री बघेल ने कहा कि जिले में स्कूलों की मरम्मत और स्कूलों में नए कक्षों के निर्माण के कार्यों को तेजी से पूरा करने और गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के कार्यों को इसी वित्तीय वर्ष में पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि रीपा में पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े लोहार, कुम्हार सहित अन्य लोगों को भी जोड़े। रुरल इंडस्ट्रियल पार्क स्व–सहायता समूह पर ही केंद्रीकृत नहीं होने चाहिए, यहां एक्टिविटी उद्योग से संबंधित जैसे दाल, हॉलर मिल जैसे हो। इस उद्योग के संचालन के लिए चयन ऐसे व्यक्ति का करना है जो मार्केटिंग स्किल, रिस्क क्षमता वाला और जुझारू हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में ओबीसी हॉस्टल के प्रस्ताव राज्य स्तर पर जल्द भेजे जाएं। उन्होंने कोरासी सिंचाई परियोजना में भूमि अधिग्रहण के मुआवजे के प्रकरणों की समीक्षा कर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में नए हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो रहा है। योजना के पोर्टल में नए रजिस्ट्रेशन का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाए। पारंपरिक व्यवसाय करने वाले लोहार, मोची, कुम्हार जैसे लोग पात्र हो सकते हैं ऐसे लोगों को भूमिहीन न्याय योजना से जोड़ें। इसी तरह उन्होंने राजस्व और वन भूमि का पट्टा वितरण आवेदनों का निराकरण शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व भूमि और वनवासियों के वन अधिकार पट्टों के रजिस्ट्रेशन के लिए सॉफ्टवेयर को फिर प्रारंभ किया जाए। मुख्यमंत्री ने गरियाबंद जिले की सभी नगर पंचायतों का नया मास्टर प्लान शीघ्रता से तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए मास्टर प्लान तैयार नहीं होने के कारण नगर पंचायतों में भूमि का डायवर्सन नहीं हो पा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने स्कूल बिल्डिंग की रिपेयरिंग, सड़क की मरम्मत, धान खरीदी की ली जानकारी। अधिकारी ने बताया कि 86,900 से अधिक किसानों का पंजीयन हुआ है। धान खरीदी के साथ खाते में भुगतान किया जा रहा है, उठाव भी हो रहा है।

## सेरीब्रल पाल्सी से ग्रसित मासूम विवान को मिलेगा नया जीवन

बच्चे के बेहतर इलाज के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**रायपुर।** हर पिता अपने बच्चे की खुशी के लिए आसमान से तारे तोड़ लाने की क्षमता रखता है. पंडरीपाली के रहने वाले नरेन्द्र साहू भी अपने बच्चे 8 साल के बच्चे विवान के लिए ऐसा ही करना चाहते हैं, लेकिन वो ऐसा कर नहीं पा रहे. वजह है विवान की सेरीब्रल पाल्सी नाम की जन्मजात बीमारी. विवान खुद से चल फिर नहीं सकता है,



ऐसे में पेशे से मजदूर पिता नरेन्द्र को ज्यादातर समय उसके साथ रहना पड़ता है और विवान की बीमारी के लिए बार–बार अस्पताल का चक्कर लगाना पड़ता है. विवान को और बेहतर इलाज मिल सके इसके लिए नरेन्द्र सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बलौदा में आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पहुंचे. कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करते ही मुख्यमंत्री की नजर विवान पर पड़ी और उन्होने विवान के पिता से बात की. नरेन्द्र ने विवान के बारे में मुख्यमंत्री को बताया. विवान के बारे में जानकर मुख्यमंत्री ने उसके इलाज के लिए तुरंत ही कलेक्टर को निर्देश दिया और हरसंभव मदद करने की बात कही. विवान के इलाज के संबंध में मदद करने के लिए कलेक्टर ने जिले के सीएमएचओ और सरायपाली एसडीएम को विवान के पिता से मिलकर सारी जानकारी एकत्र करने और विवान की स्वास्थ्य जांच कराकर तत्काल बेहतर इलाज शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

# राज्य स्तरीय मेगा रोजगार मेला का आयोजन रायपुर में

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद ।** राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन माह दिसम्बर 2022 के तृतीय सप्ताह में रायपुर में होना है, जिसमें 91 निजी प्रतिष्ठानों द्वारा विभिन्न 9 सेक्टर जैसे अपेरल, बैंकिंग एंड फाइनेंशियल, आईटी–आईटीईएस, हेल्थकेयर, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी, लॉजिस्टिक, मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल, सिक्योरिटी में कुल 46 हजार 616 पदों में भर्ती संबंधी कार्यवाही की जावेगी। उक्त मेगा रोजगार मेला में विभिन्न योग्यताधारी जैसे– आठवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा इंजीनियरिंग, बी.ई आदि आवेदक सम्मिलित हो सकते है।

जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा गरियाबंद जिले से 515 अभ्यर्थियों का ऑनलाईन पंजीयन हो गया है। शेष इच्छुक योग्यताधारी अभ्यर्थी जो अब तक रोजगार मेले हेतु पंजीयन नहीं कर सके हैं, वे सीएसएसडीए पोर्टल में दिये गये लिंक में 10 दिसम्बर 2022 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। इस हेतु आवेदकों को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गरियाबंद में 10 दिसम्बर 2022 तक दोपहर 1 बजे तक उपस्थित होकर अपनी सहमति देना अनिवार्य है।

अधिक जानकारी के लिए जिला कौशल विकास प्राधिकरण संयुक्त जिला कार्यालय गरियाबंद कक्ष क्र. 40 मोबाईल नंबर 7828783991 एवं जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07706–241269 व मोबाईल नम्बर 9329559607, 8963 970727 में संपर्क कर सकते हैं।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर मुख्यमंत्री ने सैनिकों के त्याग, समर्पण और बलिदान को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस 7 दिसम्बर के अवसर पर सैनिकों के त्याग, समर्पण और बलिदान को नमन किया है। बघेल ने अपने संदेश में कहा है कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे देश के जांबाज सैनिकों और उनके परिवारजनों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को महसूस करने और उसमें अपना योगदान देने की पवित्र भावना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि झंडा दिवस के अवसर पर प्रतीक स्वरूप जारी किए गए झंडे के माध्यम से हम सम्मानपूर्वक दान की परंपरा से जुड़ते हैं।









## खास खबर...

### आठ सिंचाई योजनाओं के लिए 28.10 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के आठ विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 28 करोड़ 10 लाख 56 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना के पूरा होने से किसानों को 10 हजार 777 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। रायपुर जिले के विकासखण्ड-धरसींवा की मलौद व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य के लिए 1 करोड़ 71 लाख 77 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 142 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-अभनपुर की खोरपा डायवर्सन का शीर्ष कार्य एवं नहर लाईनिंग कार्य के लिए 3 करोड़ 95 लाख रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 262 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड तिल्दा की परसदा जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य के लिए 1 करोड़ 62 लाख 85 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 170 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड आरंग की ग्राम बनरसी के समीप पतालू नाला में स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 88 लाख 40 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 102 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड अभनपुर की कोल्हान नाला पर पौता स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 28 लाख 98 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 95 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

महासमुंद जिले के विकासखण्ड-महासमुंद की कोडार परियोजना अंतर्गत कोडार बांयी तट नहर के चैन क्रमांक-78 (स्पील क्रासिंग) पर निर्मित नहर साइफन का पुन: निर्माण कार्य के लिए 58 लाख 61 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 9149 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड खैरागढ़ की कुकरापाट नदी पर डुमरडीह से रंगकठेरा एनीकट कम काजवे योजना के कार्य के लिए 3 करोड़ 95 लाख 9 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 50 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड खैरागढ़ की खपरी डायवर्सन योजना का मरम्मत, रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य के लिए 9 करोड़ 9 लाख 86 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 807 हेक्टेयर में क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

### छत्तीसगढ़ में दिखेगा चक्रवाती तूफान का असर, 10 दिसंबर को हो सकती है बरसात

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में मौसम एक बार फिर करवट बदलने वाला है, वजह है बंगाल की खाड़ी में उठ रहा चक्रवाती तूफान। इस तूफान की वजह से 8 दिसम्बर से प्रदेश के बस्तर और दुर्ग संभाग में बादल छा जाएंगे। अगले दिन तक इनका विस्तार पूरे प्रदेश में हो सकता है। संभावना जताई जा रही है कि 10 दिसम्बर को हल्की से मध्यम स्तर की बरसात हो सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान मंडौस 8 दिसम्बर को तमिलनाडू के पास पहुंचने वाला है। यह पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश के तटों को प्रभावित करेगा। इसकी वजह से तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में भारी बरसात का अलर्ट जारी हुआ है। इसका असर छत्तीसगढ़ के मौसम पर भी पड़ेगा। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया, इस तूफान के असर से छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्से में 8 दिसंबर को बादलों का आना शुरू हो जाएगा। यह मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ के इलाकों यानी दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और सरगुजा संभाग तक भी पहुंचेगा।

10 दिसम्बर को प्रदेश में बरसात की संभावना बन रही है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में अच्छी बरसात हो सकती है। जबकि सरगुजा संभाग के इलाकों में बूंदाबांदी तक ही सीमित रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक सर्दी के मौसम में उत्तर से सूखी और ठंडी हवाओं का आना और दक्षिण से नमी युक्त हवा आकर एक बिंदु पर मिलने से बरसात की संभावना बढ़ जाती है। छत्तीसगढ़ में ऐसा 10 दिसम्बर को होने जा रहा है।

# स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने में डायग्नोसिस मशीनों की बड़ी भूमिका: मंत्री टीएस सिंहदेव

## मंत्री सिंहदेव ने कहा- आपूर्तिकर्ता कंपनियों से समन्वय कर इनकी आपूर्ति में तेजी लाएंगे

स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों ने राष्ट्रीय फॉर्मास्युटिकल एंड इक्वीपमेंट मेनुफेक्चरर्स मीट के दूसरे दिन मेडिकल इक्वीपमेंट के निर्माता कंपनियों और सप्लायरों से दिनभर की चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव ने सीजीएमएससी के अध्यक्ष एवं निदेशकों तथा वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ देशभर से आए मेडिकल इक्वीपमेंट के निर्माताओं और सप्लायरों से चर्चा की। सीजीएमएससी द्वारा रायपुर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय फॉर्मास्युटिकल एंड इक्वीपमेंट मेनुफेक्चरर्स मीट के दूसरे दिन कई प्रतिष्ठित कंपनियों सहित करीब 60 फर्मों ने हिस्सा लिया। सीजीएमएससी के अध्यक्ष डॉ. प्रीतम राम, निदेशक डॉ. के.के. ध्रुव और स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. भी मीट में दोनों दिन शामिल हुए।

मीट में प्रदेश में मेडिकल इक्वीपमेंट की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों के समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। सीजीएमएससी के द्वारा मेडिकल इक्वीपमेंट की आपूर्ति के लिए जारी निविदा में कम्पनियों की भागीदारी बढ़ाने, वर्तमान निविदा प्रक्रिया में सप्लायरों को आ रही समस्याओं तथा उनके समाधान, ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया के सॉफ्टवेयर की उपयोगिता तथा मेडिकल इक्वीपमेंट के निर्माताओं और सप्लायरों के लिए छत्तीसगढ़ में कारोबारी अवसर जैसे विषयों पर भी इस दौरान विमर्श किया गया। प्रतिभागी कंपनियों ने निविदा की वर्तमान प्रक्रिया को बेहतर बनाने, ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल, भुगतान के तरीकों और विभिन्न दस्तावेजों की अनिवार्यता के संबंध में अपने फीडबैक और सुझाव दिए।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने राष्ट्रीय फॉर्मास्युटिकल एंड इक्वीपमेंट मेनुफेक्चरर्स मीट में मेडिकल इक्वीपमेंट की आपूर्ति से जुड़े कंपनियों से कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने में डायग्नोसिस मशीनों की बड़ी भूमिका है। नई तकनीकों और नए-नए मशीनों ने बीमारियों की जांच का दायरा काफी बढ़ा दिया है। बीमारियों के इलाज, जांच और दवा के लिए प्रदेशवासियों को अपनी जेब से कम से कम खर्च करना पड़े, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग यूनिवर्सल हेल्थ केयर की अवधारणा पर काम कर रहा है। अस्पतालों के लिए जरूरत के मुताबिक तेजी से इक्वीपमेंट मिलने से मरीजों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिल सकेंगी।

श्री सिंहदेव ने मीट में हिस्सा ले रहे कंपनियों से आग्रह किया कि वे प्रदेश में मेडिकल इक्वीपमेंट की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों के संबंध में खुलकर अपनी बात रखें। आपके फीडबैक और सुझावों पर विचारकर समस्याओं को दूर किया जाएगा। हम आपस में एक-दूसरे की सहायता कर प्रदेशवासियों को तेजी से और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करा सकते हैं। उन्होंने उच्च स्तरीय तकनीकी समिति का गठन कर विभिन्न अस्पतालों में उपयोग होने वाले मशीनों व उपकरणों के मानक तय करने कहा जिससे इनकी खरीदी की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके।

सीजीएमएससी के अध्यक्ष विधायक डॉ. प्रीतम राम ने मीट को संबोधित करते हुए कहा कि मेडिकल इक्वीपमेंट की आपूर्ति में तेजी लाने और प्रदेश में इनकी कमी को दूर करने इस मीट का आयोजन किया गया है। सीजीएमएससी द्वारा जारी निविदा में हिस्सा लेने वाली कंपनियों द्वारा अवगत कराई जा रही समस्याओं, समाधानों और सुझावों के आधार पर वर्तमान प्रक्रिया की कमियों-खामियों को दूर किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. ने कहा कि इलाज के लिए बीमारियों की सही डायग्नोसिस जरूरी है। मरीजों को शासकीय अस्पतालों में ज्यादा से ज्यादा डायग्नोसिस की सुविधाएं मिल सके, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार काम कर रही है। हम आपूर्तिकर्ता कंपनियों और वेंडर्स के साथ मिलकर ऐसी व्यवस्था बनाना चाहते हैं जिससे किसी को भी सीजीएमएससी कार्यालय न आना पड़े। दवाईयों, कन्ज्युमेबल्स, रिएजेंट्स और मेडिकल इक्वीपमेंट की आपूर्ति निर्धारित समय-सीमा में दक्षता के साथ हो जाए।

सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक अभिजीत सिंह ने मीट में कार्पोरेशन द्वारा मेडिकल इक्वीपमेंट की आपूर्ति की प्रक्रिया और इसके विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीजीएमएससी के माध्यम से चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में अब तक स्वास्थ्य विभाग के अधीन अस्पतालों में 151 करोड़ रूपए लागत की 33 इक्वीपमेंट की आपूर्ति हुई है। वहीं मेडिकल कॉलेज अस्पतालों के लिए 24 करोड़ रूपए की 35 मशीनें खरीदी गई हैं। मीट में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक भीम सिंह और चिकित्सा शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. विष्णु दत्त सहित पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर, डीकेएस सुपरस्पेशियालिटी अस्पताल तथा स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर भी मौजूद थे।

# मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक ने प्रगतिरत पल्ली-बारसूर सड़क का लिया जायजा

### निर्माणाधीन पुल-पुलिया और सड़क को जल्द से जल्द पूर्ण करने के दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन एवं पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने आज नारायणपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र कड़ेनार और कडेमेटा पहुंचे और निर्माणाधीन सड़क पल्ली-बारसूर का जायजा लिया और अन्य सड़क निर्माण कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी भी साथ थे। मुख्य सचिव ने पल्ली सड़क पर निर्मित किये जा रहे पुल-पुलिया की प्रगति, सड़क निर्माण, सुरक्षा का भी निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने निर्देशित किया कि उक्त सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें।

### 39 किलोमीटर में से 35 किलोमीटर का कार्य पूर्ण

गौरतलब है कि अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पल्ली से बारसूर को जोड़ने के लिए 39.4 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिसमे से 35 किलोमीटर का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, वर्तमान में 4 किलोमीटर में कार्य चल रहा है। इस सड़क में कुल 104 छोटे-बड़े पुल-पुलिया थे, जिसमें से सिर्फ 6 पुल-पुलिया का निर्माण करना बाकी है। जिसे मुख्य सचिव ने जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा, बस्तर कमिश्नर श्याम लाल धावड़े, पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी, उप पुलिस महानिरीक्षक आर.एन.दास, नारायणपुर कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी, नारायणपुर एसपी सदानन्द कुमार के अलावा सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कृषि छात्रों ने जाना कृषि में रिमोंट सैंसिग की उपयोगिता

# रिमोट सेंसिग ऐप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर विषय पर वैज्ञानिक त्रिपाठी का व्याख्यान



**रायपुर।** कृषि के क्षेत्र में रिमोंट सेंसिग तकनीक बेहद प्रभावी और उपयोगी होते जा रही है। इस तकनीक के जरिए फसल का क्षेत्रफल, जमीन का प्रकार, फसल का उत्पादन, मिट्टी की स्थिति, इसकी जल धारण क्षमता संबधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। रिमोट सेसिंग के माध्यम से अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, सूखा, बेमौसम बारिश आदि की सूचनाएं भी मिलती हैं। खेत मे बोयी फसल की बढवार, उसके स्वास्थ्य यहां तक की फसल में कीट अथवा रोगों के प्रकोप आदि का भी पता लगाया जा सकता है। यह बातें छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के वैज्ञानिक अखिलेश त्रिपाठी ने कही। वैज्ञानिक त्रिपाठी रायपुर के बीरगांव स्थित अडवानी आर्लिकॉन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं को रिमोट सेंसिग ऐप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर विषय पर व्याख्यान दे रहे थे। श्री त्रिपाठी ने इस दौरान छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कृषि छात्रों को उपग्रह चित्र दिखाकर फसलों की स्थिति के बारे में भी बताया। स्कूल के प्राचार्य मुकेश कुमार सिरमौर में मार्ग दर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में व्यवसायिक प्रशिक्षक अकाश चन्द्राकर एवं विद्यालय के शिक्षकगण सम्मलित हुए।

# तमिलनाडु के किसान छत्तीसगढ़ में धान और गन्ना की कीमत को देख हुए उत्साहित

## देश में धान और गन्ना के सबसे अधिक कीमत मिलने पर जताई खुशी, किया आभार व्यक्त

### कृषि मंत्री से मिलकर छत्तीसगढ़ के किसान हितैषी नीतियों की सराहना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** तमिलनाडु के किसान भी छत्तीसगढ़ में किसानों को मिल रहे धान और गन्ना की कीमत से उत्साहित है। सुदुर दक्षिण के राज्य से आये इन किसानों ने छत्तीसगढ़ में किसानों को के हित में संचालित की जा रही योजनाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंनं कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे से मुलाकात की उन किसानों ने छत्तीसगढ़ के किसान हितैषी नीतियों और कार्यक्रमों की सराहना की और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयासों की तारीफ की। गौरतलब है कि तमिलनाडु राज्य से आए कावेरी फार्मर प्रोटेक्शन एसोशिएशन के किसानों का एक दल छत्तीसगढ़ के भ्रमण पर पहुॅचा है। इन किसानों ने धान खरीदी केन्द्र, मल्टीयूटीलिटी सेन्टर और गौठान का अवलोकन किया और उत्सूकता के साथ यहॉ काम करने वाले कर्मचारियों और किसानों से चर्चा कर जानकारी ली।



सुदूर दक्षिण के राज्य से आए इन किसानों ने कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे से मुलाकात के दौरान कहा कि तमिलनाडू से आए किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री से कहा कि छत्तीसगढ़ में धान की सर्वाधिक कीमत दी जा रही है। यहा के धान उत्पादक किसानों को अन्य राज्यों की अपेक्षा देश में सबसे अधिक लाभ मिल रहा है। उनके गृह राज्य तमिलनाडु में भी ऐसा लाभ नही मिल पा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के समान ही देश के सभी धान उत्पादक किसान को इसी प्रकार लाभ दिया जाना चाहिए। सुन्दर विमल नाथन ने कहा कि इसी तरह यहां गन्ना भी 4000 रूपए प्रति टन से अधिक की दर से खरीदी जा रही है। छत्तीसगढ़ के किसानों को जो यह लाभ मिल रहा है वह गन्ना उत्पादक राज्यों में भी नही मिल पा रहा है। उन्होंनें कहा छत्तीसगढ़ सरकार राजीव गॉधी किसान न्याय योजनाओं के माध्यम से किसानों के हित में कार्य कर रही है। इससे किसान भी समृद्ध हो रहे है। इसके लिए हम छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद देते है।

तमिलनडू के सुन्दर विमल नाथन और अन्य किसानों ने मुलाकात के दौरान कृषि मंत्री को लाल केला और नारियल का पौधा भेंट किया। कृषि मंत्री ने भी किसानों का आत्मीयता से स्वागत किया और उनके राज्य में कृषि के क्षेत्र में दी जा रही सुविधाओं के बारे मे जानकारी ली और छत्तीसगढ़ राज्य में किसानों के लिए संचालित किये जा रहे नवाचारी कार्यक्रमों और योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कृषि मंत्री ने तामिलनाडू में किए जा रहे लाल केला की खेती की भी किसानों से चर्चा कर जानकारी ली और कृषि विभाग के अधिकारियों को लाल केला की खेती की संभावनाओं के बारे में परीक्षण करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर संसदीय सचिव सुश्री शकुंतला साहू, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम.आर.निषाद और कृषि विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# 'मैडम सर' की युक्ति एक गिलास मेथी के पानी से करती हैं दिन की शुरूआत

**लोकप्रिय सिटकॉम 'मैडम सर' में एसएचओ करिश्मा सिंह की भूमिका के लिए पहचानी जाने वाली टीवी अभिनेत्री युक्ति कपूर का कहना है कि अभिनेताओं के लिए अपनी फिटनेस बनाए रखना महत्वपूर्ण है, जो उनके समग्र स्वास्थ्य में मदद करता है। युक्ति अपने दिन की शुरूआत एक गिलास मेथी के पानी से करती है। इसके बाद वह 10 मिनट तक प्लैंक के साथ शुरूआत करती हैं और उसके बाद 10-12 मिनट योगाभ्यास करती हैं।**



उन्होंने साझा किया, फिटनेस मेरे जीवन में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। दूसरी ओर, एक पेशे के रूप में अभिनय करने के लिए लंबे समय तक बिना रुके शूटिंग करने की आवश्यकता होती है, जिसमें कोई स्पष्ट विचार नहीं होता है कि दिन में कब फ्री टाइम मिलेगा। उन दिनों के दौरान जब मैं मैं सेट पर हूं और मुझे सूचित किया गया है कि शॉट सेट होने के लिए कुछ समय है, मैं उस समय का उपयोग एक आरामदायक योग सत्र के लिए करना चाहती हूं। युक्ति 'बालिका वधू', 'सिया के राम', 'लाल इश्क', 'अग्निपेरा' जैसे श का हिस्सा रह चुकी हैं। उन्होंने आगे कहा, ऐसे प्रभावी योग आसन हैं जो न केवल आपको आराम करने में मदद करते हैं, बल्कि आपके शरीर को भी लाभ पहुंचाते हैं। मैं सेट पर 15-20 मिनट के लिए ध्यान करना भी सुनिश्चित करती हूं, जिससे मुझे अपनी शांति और आंतरिक शांति वापस पाने में मदद मिलती है। यह है शूटिंग के लंबे दिनों के दौरान, यह 'मी टाइम' मुझे अपने शरीर को रिचार्ज करने और बाकी दिनों को सकारात्मक रूप से जारी रखने की अनुमति देता है।

'मैडम सर' का प्रसारण सोनी सब पर होता है।



# चार गुना अधिक लंबी उम्र जीती हैं ट्रेडमिल पर दौड़ने वाली महिलाएं

**एक ताजा रिसर्च में महिलाओं द्वारा किए जानेवाली अलग-अलग तरह की एक्सर्साइज का उनकी बॉडी पर होनेवाला प्रभाव देखा गया। इस रिसर्च में सामने आया कि विगरस एक्सर्साइज यानी काफी फुर्ती और तेजी के साथ के किया जानेवाला व्यायाम और फिजिकल ऐक्टिविटी महिलाओं में दिल की बीमारी के कारण होनेवाली जल्द मृत्यु के खतरे को टालने का काम करती है।**

आखिर ऐसा क्या होता है विगरस एक्सर्साइज में कि यह कि यह सेहत के साथ ही जिंदगी लंबी करने का काम करती है? इसके जबाव में शोधकर्ताओं का कहना है कि विगरस एक्सर्साइज दिल की धड़कनों को नियंत्रित रखने, ब्लड फ्लो को रेग्युलेट करने और अतिरिक्त फैट को शरीर में जमा होने से रोकती है। इस कारण महिलाओं में हार्ट डिजीज और कैंसर जैसी बीमारियों के होने का रिस्क कई गुना घट जाता है।

शोध में सामने आया कि ट्रेडमिल पर एक्सर्साइज करनेवाली या रेग्युलर रूप से रनिंग करनेवाली महिलाओं में आर्टरीज से जुड़ी दिक्कतें होने का खतरा ना के बराबर होता है, इससे उनके हर्ट से प्रॉपर ब्लड सप्लाई शरीर के दूसरे अंगों में होती रहती है और ब्लॉकेज, क्लोटिंग, स्ट्रोक जैसी दिक्कतों का खतरा काफी कम हो जाता है।

यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल कॉरूना, स्पेन से जुड़े और इस स्टडी के ऑर्थर ज्यूस पेटेरियो के अनुसार, जितना अधिक से अधिक व्यायाम आप कर सकते हैं, वह आपकी फिटनस को बरकरार रख मृत्यु के खतरे के कम करता है। जो महिलाएं नियमित रूप से शारीरिक श्रम खासतौर पर व्यायाम, दौड़ना, लंबी दूरी तक तेज वॉक करना, तेजी से सीढ़िया चढ़ने जैसे काम करती हैं, उन महिलाओं के बीच ऐसा ना करनेवाली महिलाओं की तुलना में मृत्युदर 4 गुना तक कम होती है। यानी जो महिलाएं एक्सर्साइज नहीं करती हैं उनके बीच कम उम्र में दिल की बीमारियों के कारण मृत्युदर का खतरा चार गुना अधिक होता है।

# गुलाब के स्वास्थ्यवर्धक फायदे जानकर आप रह जाएंगी हैरान



**गुलाब हर किसी की पसंद होता है। गुलाब की पत्तियों से आपको मनचाही खूबसूरती मिल सकती है। इसके अलावा गुलाब के स्वास्थ्यवर्धक फायदे भी होते हैं। इसमें कई ओषधीय गुण पाए जाते हैं। जो आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आज हम आपको गुलाब के स्वास्थ्यवर्धक फायदे यहां बता रहें हैं। आप इनका यूज कर अपने स्वास्थ्य तथा खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।**

## गुलाब के स्वास्थ्यवर्धक फायदे

**वजन:-** गुलाब में एंटीऑक्सीडेंट तथा विटामिन-सी पाया जाता है। इसकी पत्तियों के पेस्ट को आप मेथी या पानी के साथ मिलाकर सेवन करती हैं तो आपका अतिरिक्त बजन घटता है।

**चेहरा:-** गुलाब की पत्तियां आपके चेहरे को निखारने का अच्छा कार्य करती हैं। इसके लिए आप मुल्तानी मिट्टी में गुलाब की पत्तियां पीस कर अपने चेहरे पर हफ्ते में एक बार अवश्य लगाएं।

**थकान:-** गुलाब की पत्तियों के सेवन से आपकी शारारिक और मानसिक थकान भी दूर होती है। यदि आप तनाव में रहती है और आपको रात को जल्दी नींद नहीं आती तो आप गुलाब की पत्तियों को अपने सिरहाने रख कर सोएं।

**होठ:-** गुलाब के फूल की पत्तियां आपके होठों के लिए बहुत उपयोगी होती हैं। यदि आप इनका सेवन करती हैं तो आपके होंठ हमेशा खिले खिले रहेंगे।

# सर्दियों में इन 5 परेशानियों का इलाज है हरा लहसुन

सर्दियों में कई तरह की सब्जियां बाजार में रहती हैं. इस दौरान जो सब्जी सबसे ज्यादा बाजार में दिखती है वो है हरा लहसुन. सर्दियों में इसे खाने से कई लाभ होते है. यहां हम इसके कुछ फायदे बता रहे हैं.

## ब्लड शुगर को करे नियंत्रित

ब्लड सुगर पर नियंत्रण करने में हरा लहसुन काफी कारगर है. डायबिटीज के मरीजों को इसका सेवन जरूर करना चाहिए. ब्लडप्रेशर के मरीजों के लिए ये किसी दवा से कम नहीं है.

## श्वसन तंत्र के लिए फायदेमंद

सांस की परेशानियों में इसका रोज सेवन बेहद फायदेमंद है. यह श्वसन तंत्र की कार्य प्रणाली को बेहतर बनाता है.

## आयरन का स्त्रोत

हरे लहुसन में मौजूद प्रोटीन फेरोपौर्टिन कोशिका के अंदर आयरन को संग्रहित करता है, जिससे शरीर को आवश्यकतानुसार आयरन मिलता रहता है.

## दिमाग में ब्लड सर्कुर्लेशन बढ़ाए

दिमाग में ब्लड सर्कुर्लेशन को बेहतर करने में भी हरा लहसुन काफी फायदेमंद होता है. इस मौसम में आप दिमाग तेज करना चाहते हैं तो हरे लहसुन का सेवन करना शुरू कर दें.



## गुड कौलेस्ट्रौल बढ़ाता है

हरे लहसुन में पॉलीसल्फाइड की भरपूर मात्रा होती है. दिल की बीमारी में ये काफी लाभकारी होता है. इसके अलावा इसमें मैग्नीज की भरपूर मात्रा होती है, ये गुड कॉलेस्ट्रौल के लिए महत्वपुर्ण कारक है. दिल की बेहतरी के लिए ये काफी कारगर होता है.

# पॉल्यूशन से स्किन को दूर रखने के लिए ट्राय करें ये 5 फेशियल

आज कल दिल्ली और आसपास की हवा प्रदुषण के कारण काफी जहरीली हो रही है. क्या आप जानते हैं प्रदूषण न सिर्फ आप की सेहत के लिए नुकसानदेह है वरन आप के चेहरे की खूबसूरती चुराने का काम भी करता है. समय से पहले स्किन एजिंग, पिगमेंटेशन, स्किन पोर्स में ब्लॉकेज जैसी कई समस्याएं खड़ी हो रही हैं. दरअसल जहरीली धुंध में मौजूद बहुत सूक्ष्म रासायनिक कण हमारे रोमछिद्रों के मुकाबले 20 गुना छोटे होने के कारण बाहरी स्किन से होते हुए रोमछिद्रों में प्रवेश कर के स्किन की नमी खत्म कर देते हैं. इस से स्किन में लालिमा, सूजन, काले दागधब्बे आदि दिखने लगते है और स्किन निर्जीव, शुष्क, और बुझीबुझी सी दिखने लगती है . आइये जानते हैं एल्पस कॉस्मेटिक क्लीनिक की फाउंडर डायरेक्टर भारती तनेजा से कुछ फेशियल ट्रीटमेंट के बारे में जो प्रदूषण से रौनक खो चुकी आप की स्किन में पहले जैसी चमक ला सके.

## एंटीऑक्सीडेंट फेशियल

एंटीऔक्सीडेंट एक तरह के केमिकल्स होते हैं जो स्किन पर जमी डस्ट और खराब हुई स्किन को साफकरने में मदद देते हैं . इस फेशियल में क्रीम और मास्क होते है जो विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन ई से समृद्ध होते हैं .यह फेशियल पोर्स को गहराई से साफ कर हर तरह की अशुद्धियों को दूर करता है. स्किन साफकर उसे पोषण डाटा है और स्किन को मुलायम और नरम बनाता है. यह फेशियल हमारे फेस से डेड सेल्स, पिम्पलस, वाइट हेड्स और ब्लैक हेड्स हटाने में मदद करता है.

## चारकोल फेशियल

चारकोल में एंटी पॉल्यूशन प्रॉपर्टीज होती हैं. इस फेशियल में एक्टिवेटेड प्योर चारकोल को स्किन पर एप्लाई किया जाता है. इस में एडवांस टेक्नोलॉजी वाला लेजर ट्रीटमेंट दिया जाता है जिस से थोड़ी ही देर में ही चेहरा साफ और तरोताजा नजर आने लगता है. अगर आप की स्किन बेजान और मुरझाई हुई नजर आ रही है तो कम से कम एक बार इस फेशियल को जरूर ट्राई करें. तेजी से बदलते मौसम और डस्ट को हटाने में यह बहुत उपयोगी है. इस से स्किन को पूरी तरह से डीप क्लीन किया जाता है. इसे फेस पर 20 मिनट तक लगाने के बाद स्किन के सारे पोलूटेड पार्टिकल्स बाहर आ जाते है. चारकोल में नेचुरल मिनरल्स होने से फेस की स्किन को बहुत टाइटनेस मिलती है.

## फ्रूट फेशियल

फ्रूट फेशियल में किसी भी तरह के केमिकल्स नहीं होते जिस की वजह से यह स्किन के लिए सुरक्षित है. फ्रूट्स में मौजूद सभी पोषक तत्व जैसे कि मिनरल्स और विटमिन्स भरपूर मात्रा में चेहरे को मिलते हैं. स्ट्रॉबेरी फेशियल स्किन की टोन को लाइट करने में मदद करता है. इस में मौजूद विटमिन सी और ऐंटीऑक्सिडेंट्स स्किन से फ्री रेडिकल्स और अन्य गंदगी को निकालने में मदद करते हैं और फ्रेश लुक देते हैं. चेहरे की खूबसूरती के लिए एप्पल फेशियल भी कारगर माना जाता है. सेब में ऐसे तत्व होते हैं जो स्किन की टोन को लाइट करते हैं और चमक बढ़ा देते हैं. यह एजिंग इफेक्ट को भी कम करता है.

## रेड वाइन फेशियल

रेड वाइन एक एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करता है जो विटामिन सी से 20 गुना अधिक प्रभावी होता है और विटामिन ई से पचास गुना अधिक प्रभावी होता है. रेड वाइन फेशियल से नमी और झुर्रियां घटती हैं. रेड वाइन रेस्वेराट्रोल जैसे एंटीऔक्सीडेंट से समृद्ध है जो नई स्किन सेल्स के निर्माण में मदद करता है. अगर स्किन ड्राई है तो इसे न कराएं क्यों कि इस से स्किन काली पड सकती है. रेड वाइन को स्किन पर सीधे नहीं लगाया जाता क्यों कि इस में एल्कोहॉल की मात्रा ज्यादा होती है. रेड वाइन फेशियल को हमेशा पानी या रोजवॉटर के साथ मिला कर ही लगाया जाता है. तैलीय स्किन वालों के लिए रेड वाइन फेशियल अच्छा है. इस में मौजूद औषधीय घटक स्किन की सूजन को कम करने में भी मददगार साबित होता है. वाइन फेशियल्स से चेहरे पर चमक आ जाती है.

## अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड फेशियल

जब हमारी अंदरुनी स्किन को ताजी हवा नहीं मिल पाती तब हमारा फेस फेडेड नजर आने लगता है. फेस की चमक को वापिस लाने और डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड फेशियल किया जाता है. अल्फा हाइड्रोक्सी एसिड नेचुरल और सिंथेटिक इंग्रेडिएंट्स का एक समूह होता है.



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण कार्यों में लाए तेजी-सीईओ

**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान एडीबी द्वारा बताया गया कि भू-अर्जन में हो रही दिक्कतों के कारण सड़क निर्माण प्रभावित हुई है। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि भू-अर्जन की प्रक्रिया में तेजी लाए, जिससे सड़क निर्माण प्रभावित न हो। उन्होंने ठेकेदारों से कहा कि हर हफ्ते का अपने दिए गए सड़क निर्माण टारगेट को ध्यान में रखकर कार्यों में प्रगति लाए। इसके अलावा सड़क निर्माण कार्य में कहीं भी दिक्कत हो तो एसडीएम को तत्काल सूचित करें। सीईओ श्री मिश्रा ने सभी सड़क निर्माण एजेंसीज के अधिकारियों को उनके अंतर्गत चल रहे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के विभिन्न सड़कों में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए ठेकेदारों और अधिकारियों से वर्तमान प्रगति एवं आगे किए जाने वाले कार्यों की जानकारी ली।

### मनाया गया सशस्त्र सेना झण्डा दिवस

**जगदलपुर।** शहीद सैनिकों के सम्मान में आज जिले में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर जेपी पात्रो और भूतपूर्व सैनिकों ने आज कलेक्टर चंदन कुमार को ध्वज प्रतीक लगाकर सशस्त्र झण्डा दिवस का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने आम नागरिकों और अधिकारी-कर्मचारी से सशस्त्र झण्डा पर सहयोग आर्थिक सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। द्वितीय विश्व युद्ध के नॉन पेंशनर श्रीमती महेश्वरी वानखेडे एवं श्रीमती बानो बाई को दस-दस हजार रुपए की सहायता राशि भी कलेक्टर के हाथों प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों को ध्वज प्रतीक लगाकर सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया। भी मजबूत बनाना है। इस साल दिसम्बर माह को गौरव माह के रूप में मनाया जाएगा।

# सरायपाली का शिशुपाल पर्वत पर्यटन स्थल के रूप में होगा विकसित

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर । मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज महासमुंद जिले के सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बलौदा में आयोजित भेंट-मुलाकात में ग्रामीणों से पैरादान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धान कटाई शुरू हो गई है। आप सभी गौठानों में मवेशियों के लिए पैरादान कीजिए ये महादान है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैं बलौदा आया हूं, यह देखने के लिए कि लोगों को राज्य शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि जनता के हित में योजनाएं बनाई गई हैं, इनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, संसदीय सचिव श्री विनोद सेवनलाल चंद्राकर, सरायपाली विधायक श्री किस्मत लाल नंद, बसना विधायक श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भेंट-मुलाकात के दौरान जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के आग्रह पर क्षेत्र के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने शिशुपाल पर्वत को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, बलौदा कॉलेज परिसर में बाउंड्री वॉल के निर्माण, भदरा तालाब के गहरीकरण, बलौदा में ग्रामीण हाट बाजार के उन्नयन, सुरंगी नदी पर एनीकट निर्माण, सरायपाली में अंतरराज्यीय बस स्टैंड के निर्माण, सरायपाली नगर में हर घर में नल जल योजना की स्वीकृति की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हाटबाजार क्लीनिक योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ लेना चाहिए। इससे बेहतर इलाज होता है और पैसे भी नहीं लगते हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से 20 लाख रुपए तक का इलाज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने 2500 रूपए में धान खरीदा लेकिन केंद्र सरकार ने अडंगा लगाया, फिर हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना शुरू की। छत्तीसगढ़ में हर ब्लॉक में दो-दो रुरल इंडस्ट्रियल पार्क बनेंगे।

इससे ग्रामीणों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से कर्ज माफी, न्याय योजनाओं, शिक्षा और स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली। इसके पहले मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। भेंट-मुलाकात के दौरान ग्राम तिसड़ी के संतराम अंचल ने बताया कि उनका 1 लाख रूपए का कर्ज माफ हो गया है। न्याय योजना से तीन किस्त में पैसा मिला है, उन्होंने पैसे को खेती में लगाया और बच्चों की पढ़ाई में खर्च किया। रेखा ने मुख्यमंत्री को बताया कि राशनकार्ड बना है। मैं टेंगनापाली में रहती हूं, राशन समय से मिल रहा है। रेखा ने मुख्यमंत्री से गौठान में पानी की सुविधा और फेंसिंग की मांग की। जिसे सुनकर मुख्यमंत्री ने तत्काल बोर कराने की घोषणा की। देवराज बारिक ने बताया कि 56 क्विंटल गोबर बेचा है और 10 हजार रूपए मिले हैं। इन पैसों को बच्चों की पढ़ाई में खर्च कर रहा हूँ। एक ग्रामीण मायाराम ने अपने इलाज के लिए आ रही समस्या से अवगत कराया, जिसे सुनकर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को इलाज कराने के निर्देश दिए हैं।

### भंडारसिवनी एवं लंजोड़ा केन्द्रों में व्यवस्थाओं की सराहना की

# कलेक्टर ने लंजोड़ा, भंडारसिवनी एवं बोरगांव धान उपार्जन केंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

### बोरगांव में नवीन धान पंजीयन कर विक्रय करने वाले किसानों को कलेक्टर ने किया प्रोत्साहित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोंडागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा फरसगांव विकासखंड स्थित लंजोड़ा, भंडारसिवनी एवं बोरगांव धान उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान भी सर्वप्रथम लंजोड़ा स्थित धान उपार्जन केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने स्वयं हाइड्रोमीटर द्वारा धान की जांच की तथा आए किसानों से केंद्र की व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा करते हुए उपार्जन केंद्र के प्रभारी अधिकारी से धान के उठाव के साथ हमालों की व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

धान के धीमे उठाव पर उन्होंने अब तक जारी डीओ के अनुसार शीघ्र से शीघ्र 10 गाड़ियों को लगाकर धान का उठाव करने के निर्देश ट्रांसपोर्टरों को दिए।



इसके साथ उन्होंने बारदानों की भी जांच की।

भंडारसिवनी स्थित धान उपार्जन केंद्र पहुंचे कलक्टर ने किसानों एवं ग्राम पंचायत सरपंच से चर्चा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया साथ ही अपने सामने धान की तौल करा कर कार्यरत हमालों से भी चर्चा की। जिसमें उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं की सराहना भी की। किसानों से चर्चा में किसानों द्वारा इस वर्ष नए बारदानों के समय से मिल जाने पर हर्ष जताते हुए शासन एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कलेक्टर सोनी ने बोरगांव पहुंच यहां धान विक्रय करने आए पांडे आठगांव के किसानों से चर्चा की जिसमें किसानों ने व्यवस्थाओं के प्रति अपनी संतुष्टि जाहिर की। कलक्टर से चर्चा में किसानों द्वारा बताया गया कि इस वर्ष विक्रय की राशि तुरंत खातों में अंतरण से वे ग्रीष्मकालीन फसलों की तैयारी समय पर कर सकेंगे। जिसमें कलक्टर ने उन्हें मक्के द्वारा इथेनॉल तैयार करने के प्लांट के तैयार हो जाने की जानकारी देते हुए उन्हें आगामी फसल के रूप में मक्का लगाने की सलाह दी। उन्होंने बारदानों की जांच करते हुए किसानों से किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत केंद्र प्रभारी को सूचित कर बारदाने को बदलवाने को कहा।

इस अवसर पर कलेक्टर ने धान विक्रय करने आये नवीन पंजीयन वाले किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शासन एवं प्रशासन सदैव आपकी सहायता को तत्पर है किसी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत केंद्र प्रभारी, समिति प्रबंधक अथवा तहसीलदार या एसडीएम को सूचित करें ताकि तुरंत समस्याओं का निदान किया जा सके। इस अवसर पर एसडीएम सीमा ठाकुर, डीएमओ रविकांत नेताम, तहसीलदार यूके मानकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के संभाग स्तरीय आयोजन, कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2022-23 के संभाग स्तरीय खेलों का आयोजन राजधानी रायपुर में 13 से 14 दिसंबर तक किया जा रहा है। इन खेलों के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है।

कलेक्टर ने आयोजन स्थलों में पूर्ण सुरक्षा, भोजन व्यवस्था एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा खिलाड़ियों की सूची तैयार करना और संभाग से आए प्रतिभागियों, व्यवस्थापकों, निर्णायकों, ऑफिशियल के भोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर को सौंपी है। इसी तरह उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारियों को आयोजन स्थल पर स्टेज, पोस्टर, बैनर, झण्डा, माईक, साउंड एवं लाईट, जनरेटर, आयोजन स्थल के पूर्ण साफसफाई एवं खेल हेतु चूना मार्किंग, चलित एवं अस्थायी शौचालय, पेयजल टैंकर, आयोजन स्थल में उपस्थित विशेष अतिथियों के स्वल्पाहार की व्यवस्था के साथ उद्घाटन एवं समापन कार्यक्रम के लिए मंच के व्यवस्था और आयोजन स्थल पर 10-10 मजदूरों की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ भुरे ने कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक चिकित्सा, डॉक्टर एवं चिकित्सकीय स्टाफ, दवाई, एम्बुलेंस, प्रतिभागियों हेतु ओआरएस घोल के व्यवस्था की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपी है तथा जिला सेनानी को आयोजन स्थल पर मय दल अग्निशमन वाहन की व्यवस्था, विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री को कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन हेतु बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी है।

इसी तरह उन्होंने खिलाड़ियों के आमंत्रण, प्रमाणपत्र, 14 खेलों के लिए अलग-अलग व्यायाम शिक्षकों की ड्यूटी लगाने, दस्तावेजों के संकलन, सत्यापन, प्रतिभागियों के प्रमाण पत्र लेखन का कार्य की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी है। विजेता, उपविजेता का परिणाम एकत्रित कर प्रमाण पत्र तैयार करने और निर्धारित समय में खेलों का संपादन करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है ।

# भंवरपुर को नगर पंचायत और उप तहसील बनाने की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भेंट-मुलाकात में महासमुंद जिले की सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भंवरपुर पहुंचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भंवरपुर को दिल खोलकर सौगातें दीं। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के आग्रह पर ग्राम पंचायत भंवरपुर को नगर पंचायत बनाने, भंवरपुर को उप तहसील बनाने, भंवरपुर में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने की प्रक्रिया प्रारंभ करने, पुलिस चौकी भंवरपुर का थाने में उन्नयन, भंवरपुर में कॉलेज की स्थापना, भंवरपुर में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम विद्यालय खोलने, भंवरपुर में ओपन जिम और भंवरपुर से सरायपाली तक सड़क निर्माण को तेज गति से पूरा कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री की घोषणाओं का उपस्थित समुदाय ने उत्साह के साथ स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार जताया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भेंट-मुलाकात में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसानों और हितग्राहियों को योजना का लाभ मिला है या नहीं इसकी जानकारी लेने व शासन की योजनाओं का फीडबैक लेने के



लिए भंवरपुर आएं हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में लागू की गई योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री ने इसके पहले छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरुआत की।

भेंट-मुलाकात के दौरान पोटापारा के किसान रघुनाथ ने मुख्यमंत्री को बताया 3 लाख का लोन माफ हुआ है। खेती से हुई आमदनी से खेत में पम्प लगाया और ट्रैक्टर खरीदा। ग्राम आरा-पथरा के उमंग साव ने पेट की बीमारी के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से सहायता की मांग की, इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें दो लाख रुपए की सहायता राशि देने का आश्वासन दिया। ग्राम सकरी के रोहित डडसेना ने बताया कि उन्होंने कुल 11 सौ 60 क्विंटल गोबर बेचकर 02 लाख 32 हजार रुपये की आमदनी की है। युवा मितान क्लब के सदस्य दयानिधि नायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि 42 सदस्य हैं, खेलकूद, साफ-सफाई और अनेक गतिविधियों का संचालन क्लब द्वारा किया जा रहा है। हाट बाजार क्लीनिक योजना की लाभान्वित हेम बाई पटेल ने बताया कि बाजार में नियमित गाड़ी आती है। मुझे बीपी की समस्या है, जांच कराई और दवाइयां ले रही हूं। सबकुछ नि:शुल्क हुआ है।

भेंट-मुलाकात में रेखा लहरे ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्मी कंपोस्ट से उनके समूह को एक लाख पांच हजार रुपए की आमदनी हुई है। रेखा ने मुख्यमंत्री के समक्ष मशरूम शेड एवं मुर्गी शेड और गौठान में तार घेरे का कार्य करवाने की मांग रखी, इस पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को निर्देश दिए। बसना के स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्रा पूजा ने मुख्यमंत्री को बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूल में नि:शुल्क उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल 400 और स्वामी आत्मानंद स्कूल खुलेंगे। कक्षा पहली के नन्हें छात्र लक्ष्य बंजारे ने मुख्यमंत्री को धारा प्रवाह प्रदेश के 33 जिलों के नाम बताए। नन्हें बालक लक्ष्य की प्रतिभा देखकर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लक्ष्य को शाबासी दी।

# कलाकार सूरज सिन्हा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भेंट किया उनका स्केच

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेट मुलाक़ात कार्यक्रम के दौरान ज़िला गरियाबंद पहुँचे वही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को मशहूर स्केच आर्टिस्ट सूरज सिन्हा ने उन्हें उनका स्केच भेंट किया। सीएम भूपेश बघेल भूतेश्वरनाथ में पूजा अर्चना करने के बाद दोपहर 12 बजे उनका काफिला मेंन मेंन रोड से गुजरा वही गरियाबंद के ह्रदय स्थल पर चित्रकार सूरज सिन्हा ने अपने हथों से उन्हें उनका चित्र भेट किया

जब अपनी हुबहूं स्केच निहारते रहे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चित्रकार सूरज सिन्हा द्वारा भेट की गई स्केच को सीएम भूपेश बघेल ने बेहद पसंद किया साथ ही उन्हें बधाई भी दी एवं उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाए भी दी। सूरज को स्केच आर्ट बनाने में लगता है 30-40 मिनट सूरज कहते हैं कि आमतौर पर किसी व्यक्ति विशेष का लाइव आर्ट बनाने में उन्हें 30 से 40 मिनट लगता है। इससे पहले वह अपनी प्रतिभा से कई दिग्गजों का इस तरह का चित्र बनाकर उन्हें भेट कर चुका है।गरियाबंद में स्केच आर्ट का महारथी सूरज सिन्हा पलक झपकते ही आपकी तस्वीर को बिल्कुल सौ फीसदी कैनवास में उतार देता है, आप सभी को जानकर हैरानी होगी कि गरियाबंद के



चित्रकार सूरज सिन्हा किसी की भी हुबहू तस्वीर बना देते है।इससे पहले उन्होंने प्रधानमोदी नरेंद्र मोदी अमिताभ बच्चन अनुपम खेर जैसे बड़े नेताओ और अभिनेतओ को उनका स्केच भेट कर चुके है सूरज सिन्हा के चित्रकारी के नायब तस्वीरे इनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी देख सकते है।

# गांधी मैदान में 11 से शिव महापुराण कथा का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय के गाँधी मैदान में 11 से 19 दिसंबर तक अदभुत शिव महापुराण कथा का आयोजन लक्ष्मी बीज भंडार के संचालक भूषण लाल ,रिखी राम साहू परिवार द्वारा किया जा रहा है।जहाँ व्यासपीठ पर धामपुर ऊत्तरप्रदेश के धर्मरत्न परमपूज्य महंत राधेश्याम महाराज अपनी ओजस्वी वाणी से कथा का रसपान करायेंगे,वहीं कथा के परायणकर्ता पं,आचार्य प्रदुम्न द्विवेदी जी वृन्दावन वाले होंगे।कथा का प्रारंभ 11 दिसम्बर दिन रविवार को दोपहर 2 बजे भव्य कलश यात्रा में झाँकी और बाजे - गाजे - फटाखे के साथ होगा,वही151 कलश को सजाया गया है,कथा का समय दोपहर 1 बजे से 6 बजे तक रखा गया है।रविवार 11 दिसम्बर को कथा के पहले दिन दोपहर 12 बजे से भव्य कलश यात्रा नगर के गाँधी मैदान से सुभाष चौक,शीतला और थाने से तिरंगा चौक होकर निकलेगी जिसमे संत महन्त राधेश्याम व्यास जी महाराज भी साथ में रहेंगे,कलश यात्रा और इस वृहद धार्मिक अनुष्ठान शिव महापुराण के आयोजक लक्ष्मी बीज भंडार के संचालक भूषन और रिखी राम साहू परिवार के अलावा हरि सत्संग मण्डल,स्टार युवा ग्रुप,शीतला समिति,गोकुल ग्रुप,शिव मंदिर समिति,गरबा समिति,सहित पूरे नगर के सभी धार्मिक समितियो के द्वारा भव्य तैय्यारी किया जा रहा है।


Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### ज्वेलरी गोलीकांड के मुख्य आरोपी रमजान को रायगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़ (ए)।** जिले में पुलिस आपराधिक गतिविधियां रोकने के लिए लगातार सायबर सेल की टीम के साथ मिलकर मॉनिटरिंग कर रही है और पुलिस को लगातार सफलता भी मिल रही है। इसी सिलसिले में कल बुधवार दोपहर साइबर सेल की टीम ने जूटमिल पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही कर कांशीराम चौक के पास संदिग्ध रमजान अली उर्फ बल्ला को हिरासत में लिया है ।

साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि संदेही रमजान अली उर्फबल्ला बड़ी वारदात करने की फिराक में रायगढ़ में लूटपाट के इरादे से जूटमिल की ओर घूम रहा है। साइबर सेल प्रभारी ने पुलिस अधीक्षक को इसकी सूचना दी। इसके बाद सायबर सेल और जूटमिल की टीम संयुक्त टीम बनाकर आरोपी की तलाश के लिए रवाना हुई जिसे पुलिस टीम द्वारा कांशीराम से बोदाटिकरा जाने वाले चौक के पास धर दबोचा गया। आरोपी एक लोहे का धारदार कत्ता लिए लोगों को डरा धमका रहा था जिसकी विधिवत तलाशी लिए जाने पर उसके पेंट में रखा हुआ एक सिल्वर रंग का छर्रा बंदूक और 14 नग छर्रा गोली मिला। पुलिस टीम आरोपी रमजान अली को लेकर चौकी आई जहां आरोपी रमजान अली से पूछताछ में विभिन्न मामलों का खुलासा हुआ है। आरोपी रमजान अली पर जूटमिल पुलिस में धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### बिलासपुर में रात 1:30 बजे ड्राई क्लीनर्स में लगी भीषण आग

**बिलासपुर (ए)।** शहर के श्रीकांत वर्मा मार्ग पर स्थित एब्रिको ड्राई क्लीनर्स में बुधवार की रात 1:30 बजे अचानक आग लग गई। पैट्रोलिंग पर निकली पुलिस की टीम को इसका पता चला तो आनन—फानन में दमकल की टीम से संपर्क किया गया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग को बुझाने की कोशिश शुरू की गई। घटना देर रात लगभग 1:30 बजे की है। श्रीकांत वर्मा मार्ग में कुंदन पैलेस के ठीक सामने एब्रिको ड्राई क्लीनर्स स्थित है। इस समय दुकान के अंदर भड़की आग बाहर तक नजर आ रही थी। ठीक उसी समय पुलिस की एक पैट्रोलिंग टीम वहां से गुजर रही थी, तभी उनकी नजर उस पर गई। इसके बाद वे मौके पर पहुंच गए और तत्काल होमगार्ड के अंतर्गत संचालित फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गई। कुछ ही देर में दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद आग को बुझाने का प्रयास शुरू किया गया।

# टीचर से 21.53 लाख की ठगी करने वाले हांगकांग के ऑनलाइन ठग गिरोह का पर्दाफाश, राजस्थान से 4 आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में पुलिस ने चीन के हांगकांग से ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। दरअसल, ठग गिरोह ने एक टीचर को कम समय में अधिक पैसे कमाने का झांसा दिया। उनसे ऐप डाउनलोड कराकर अकाउंट खुलवाया और उसमें पैसे जमा करने पर कमीशन का लालच दिया।



प्रलोभन में आकर टीचर ने अपने बैंक अकाउंट से किश्तों में 21 लाख 53 हजार रुपए जमा किया, तब उन्हें दो करोड़ रुपए कमीशन मिलने की जानकारी दी। लेकिन, जब टीचर ने 2 करोड़ रुपए निकालने की बात कही, तब उनसे 10 लाख रुपए की मांग की गई। वहीं, उनके 21 लाख 53 हजार रुपए को भी ठगों ने पार कर दिया। ठगी के इस मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गिरोह के दो सदस्य दिल्ली से फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पूरा मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है।

एसएसपी पारुल माथुर ने बताया कि इस गिरोह के सदस्यों से एक लाख 97 हजार रुपए, आधा दर्जन एटीएम कार्ड, पेटीएम कार्ड, चेकबुक, लैपटॉप, मोबाइल जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सांई धाम कॉलोनी निवासी अमलेश लहरी (55) सेंट्रल स्कूल में टीचर हैं। उनके मोबाइल पर टेलीग्राम पर एक मेसेज आया, जिसमें उन्हें घर बैठे पैसे इन्वेस्ट कर ऑनलाइन लाखों रुपए कमाई करने का झांसा दिया गया। मैसेज देखकर उन्होंने इसकी जानकारी ली, तब उन्हें SEME मॉल कंपनी में पैसे लगाने और बोनस मिलने का झांस दिया और मेंटोरा रामा एप का लिंक भेज कर डाउनलोड करने को कहा। इसमें उन्हें अकाउंट बनाने के लिए कहा गया। ठगों ने बोला कि वो जितना पैसा अपने अकाउंट में जमा करेगा, उसके हिसाब से उन्हें बोनस के साथ कमीशन मिलेगा। लालच में आकर टीचर ने ठगों के कहने पर ऐप डाउनलोड किया और अकाउंट बनाकर अपने बैंक खाते से किश्तों में 21 हजार 53 हजार रुपए ट्रांस॥र कर दिया। तब उन्हें दो करोड़ रुपए से अधिक का फायदा होने की जानकारी दी गई।

#### 5 दिन लगाया कैम्प, तब पकड़ा गया गिरोह

ACCU प्रभारी हरविन्दर सिंह ने बताया कि मामला सामने आने के बाद तोरवा के तत्कालीन थाना प्रभारी फैजूल शाह के साथ टीम बनाकर जांच शुरू की। इस दौरान ठगी की रकम जिन खातों में गई थी, उनकी जानकारी जुटाई गई। तब उनके राजस्थान में होने की जानकारी मिली। तकनीकी जानकारी जुटाने के बाद दस सदस्यीय टीम तैयार कर राजस्थान भेजा गया, जहां टीम ने 5 दिन तक कैंप किया और फील्ड वर्क के आधार पर 4 स्लीपर सेल को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में राजस्थान के पाली थाना क्षेत्र के राहुल सुथार (19) पिता दिनेश सुथार, राजस्थान के भिनय के राजकुमार उर्फ राजू सिंधी (38) पिता कन्हैयालाल सिंधी, राजस्थान के भिनय निवासी हेमराज बैरवा (25) पिता राजकुमार बैरवा और राजस्थान के लंबारे निवासी दीपेश वैष्णव उर्फ दीपू (19) पिता गोविंदादास शामिल हैं।

#### टीचर को भरोसा नहीं कि उनके साथ धोखा हुआ

जब टीचर का बैंक अकाउंट खाली हो गया, तब उन्होंने अपने दो करोड़ रुपए ऐप के अकाउंट से निकालने की जानकारी ली। इस पर ठगों ने उन्हें दो करोड़ रुपए देने के लिए टैक्स व सर्विस शुल्क के रूप में 10 लाख रुपए जमा करने कहा। इसके बाद टीचर ने अपने कंपनी में पैसे फंसे होने और उसे वापस कराने के लिए पुलिस से मदद मांगी। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके पास कंपनी में जमा करने के लिए दस लाख रुपए नहीं है। पैसा होता तो उन्हें रकम मिल जाता। उनकी बातों को सुनकर पुलिस ने उनके साथ ठगी होने की जानकारी दी। साथ ही केस दर्ज कर ठगों की तलाश शुरू कर दी।

#### चीन के हांगकांग से जुड़े हैं तार, दिल्ली में बैठते हैं सरगना

एसएसपी पारुल माथुर ने बताया कि इस साइबर फ्रॉड गिरोह के चीन हांगकांग से संचालित होने की जानकारी मिली है। जिसके सरगना दिल्ली में बैठते हैं। इस मामले से जुड़े दो आरोपी जितेन्द्र तेजवानी निवासी राजस्थान, पंकज निवासी दिल्ली की पहचान हुई है, जिनकी तलाश की जा रही है। जांच में पता चला है कि सरगना गिरोह के सदस्यों को बतौर एजेंट रखते थे और उन्हें कमीशन देते थे। ठगी की रकम को सरगना अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लेते थे। फरार आरोपियों के पकड़े जाने के बाद इसके हांगकांग से जुड़े लोगों का नाम सामने आने की उम्मीद है।

### हार्वेस्टर से कुचलकर बच्चे की मौत

## ड्राइवर ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में लिया, फसल कटाई के लिए लाई गई थी मशीन

**जांजगीर-चांपा (ए)।** जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पहरिया में फसल काटने वाली मशीन हार्वेस्टर की चपेट में आकर एक साल के बच्चे की मौत हो गई। 1 साल के चिराग केवट को सिर पर गंभीर चोट लगी थी। हार्वेस्टर चालक के खिलाफबलौदा थाने में धारा 304 ए के तहत केस दर्ज किया गया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है।



मृत बच्चे चिराग के पिता मनोज कुमार केवट ने बताया कि फसल काटने के लिए मध्यप्रदेश से हार्वेस्टर मशीन लाई गई है। बुधवार को उसे बाड़ी में खड़ा किया गया था। बाद में फसल काटने के लिए उसे निकाला जा रहा था, लेकिन ड्राइवर उसके नीचे खेल रहे चिराग को नहीं देख सका और लापरवाही से हार्वेस्टर मशीन चलाते हुए बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। सामने का चक्का बच्चे पर चढ़ जाने के कारण उसका सिर फट गया। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

#### आरोपी ड्राइवर फरार


सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची। बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है। पुलिस ने हार्वेस्टर क्रमांक एमपी 37, 9267 को अपने कब्जे में ले लिया है। ड्राइवर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। हार्वेस्टर को बलौदा थाने में रखा गया है। पुलिस आगे की जांच में जुट गई है।

# ग्रामीणों ने मतांतरित व्यक्ति के शव को दफनाने की जगह देने से किया इनकार

#### प्रशासन की सूझबूझ से मामला शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोंडागांव।** जिले में मतांतरण को लेकर कई बार आक्रोश की स्थिति निर्मित हो चुकी है। खासकर तब जब कोई मतांतरित व्यक्ति की मौत हो जाती है तब शव दफनाने को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित होती आ रही है।



ग्राम मारंगपुरी में एक युवक की मौत के बाद शव को दफ्नाने को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी किंतु प्रशासन की सूझबूझ से मामला शांतिपूर्ण तरीके से निपट गया तथा शव को गांव में दफनाने के बजाय केशकाल ले जाया गया। विश्रामपुरी थाना अंतर्गत ग्राम मारंगपुरी के युवक रोहित नेताम पिता मंगतू राम नेताम, 26वर्ष की बीमारी से 7 दिसंबर की सुबह 5 बजे मौत हो गई। युवक काफी समय से बीमार था जिसे प्रार्थना के द्वारा चमत्कारिक ढंग से ठीक करने की बात ईसाई मिशनरी के लोग कहते रहे। ग्रामीणों ने बताया कि जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती गई ईसाई मिशनरी से जुड़े लोगों प्रार्थना का दौर भी बढ़ाते रहे। अंधविश्वास में डूबे युवक एवं उनके परिवार को इलाज का अवसर ही नहीं दिया गया जिससे प्रार्थना के चलते चलते युवक ही की मौत हो गई। युवक की दोनों आंखों की रोशनी चली गई थी तथा वह मिर्गी की बीमारी से भी पीड़ित था। युवक की मौत के पश्चात उसे गांव में ही दफनाने के लिए बैठक हुई तो ग्रामीणों ने इसका पुरजोर विरोध किया ग्रामीणों का कहना है कि यहां हिंदू अथवा आदिवासियों की रीति रिवाज से ही शव को दफनाया जाता है। यहां ईसाई मिशनरी के रिवाज से शव दफनाने नहीं दिया जाएगा। इस स्थिति को भांपते हुए तहसीलदार एस के भोई एवं बांसकोट के चौकी प्रभारी विवेक सेंगर ने ग्रामीणों एवं ईसाई मिशनरियों के बीच बैठकर मामले को सुलझाया। तत्पश्चात 7 दिसंबर को ही मृत व्यक्ति के शव को केशकाल ले जाया गया तथा शांतिपूर्ण तरीके से दफनाया गया।

बता दें कि इसके पूर्व जिले के धनोरा, तितरवंड एवं राहटीपारा बालेंगा में भी मतांतरित व्यक्तियों की मौत को लेकर काफी आक्रोश देखा गया था। जहां तनाव कि स्थिति निर्मित हुई थी तथा ले देकर मामले को शांत कराया गया था। इस स्थिति को भांपते हुए प्रशासन के द्वारा सूझबूझ से निर्णय लिया गया।

बीमारी के चलते एक व्यक्ति की मौत हुई थी जिसे ग्रामीणों ने मतांतरित होने के चलते गांव में दफनाने के लिए जगह देने से इंकार कर दिया तत्पश्चात दोनों पक्षों को बिठाकर सुलह किया गया तथा शव को केशकाल ले जाया गया मामला शांतिपूर्ण तरीके से निपट गया

**-चौकी प्रभारी बास्कोट विवेक सेंगर**

# शादीशुदा युवक ने गर्लफ्रेंड के साथ लगाई फांसी, रेलवे नर्सरी में फंदे पर लटकते मिले शव

**जगदलपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में एक प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। फिलहाल सुसाइड का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। रात में दोनों घर से निकल गए थे। दूसरे दिन रेलवे की नर्सरी में एक पेड़ में फंदे से लटकते हुए दोनों की लाश मिली है। बताया जा रहा है कि, युवक की कुछ महीने पहले ही शादी हुई थी। जिस लड़की के साथ उसने फांसी लगाई है उसके साथ प्रेम प्रसंग का मामला कई महीनों से चल रहा था। मामला जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, मृत युवक का नाम हरविंदर (22) है। युवक जगदलपुर के गुंडाधुर वार्ड का रहने वाला था। वह मोटर मैकेनिक का काम करता था। हरविंदर का नयामुंडा की रहने वाली युवती प्रीति (23) के साथ पिछले कई महीनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रीति भी किसी शोरूम में काम करती थी। बताया जा रहा है कि, इसी बीच युवक की किसी दूसरी लड़की के साथ शादी हो गई थी। शादी को महज 6 महीने ही हुए थे लेकिन, युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड के साथ बातचीत बंद नहीं की थी।

वहीं मंगलवार की रात दोनों अपने घर से कहीं निकल गए थे। जब देर रात तक घर नहीं लौटे तो परिजन दोनों को खोजने के लिए निकले। पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। दूसरे दिन यानी बुधवार की सुबह ग्रामीण लकड़ी लेने के लिए नर्सरी की तरफ गए हुए थे। इसी बीच उनकी नजर फांसी के फंदे पर लटकती हुई दो लाश पर पड़ी। जिसकी जानकारी फौरन पुलिस को दी गई।

बोधघाट थाना प्राभारी लालजी सिन्हा ने बताया कि, जैसे ही इस बात की जानकारी मिली फौरन जवानों को मौके के लिए भेजा गया था। दोनों के शव को फंदे से उतारा गया और पोस्टमार्टम के लिए भी भिजवाया गया। परिजनों ने दोनों की शिनाख्त हरविंदर और प्रीति के रूप में की। दोनों का कई महीनों से अफेयर चल रहा था। फिलहाल इन्होंने आत्महत्या क्यों की इसकी जांच की जा रही है। परिजनों से बातचीत कर रहे हैं।

## तेज रफ्तार ने ली 20 साल की युवती की जान, अस्पताल में तोड़ा दम

**रायपुर (ए)।** राजधानी में एक तेज रफ़्तार वाहन की वजह से एक 20 साल की युवती की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार स्कार्पियो जिसका नंबर सीजी 22-डब्लू/0896 तेज रफ़्तार में होने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। घटना धाम चौक सिग्नल पास हुई है।

इस हादसे में कैलाशुपुरी निवासी सीता गोयल गंभीर रुप से घायल हो गई। युवती को मेकाहारा में भर्ती कराया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी रिषभ शर्मा के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया है।








सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















## खास - खबर

### रोजगार दिवस का हुआ आयोजन

**दुर्ग।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में कार्यरत जिसमें अभी इस वित्तीय वर्ष आज सभी पंचायत ग्राम सभा के माध्यम से रोजगार दिवस आयोजित किया गया। मनरेगा में 13480 मजदूर कार्यरत है कुल निर्माण 661 कार्य में 266 ग्राम पंचायत में मनरेगा के कार्य चल किया जा रहा है। मनरेगा से रोजगार के अधिकार व शिकायत निवारण संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही वर्ष के दौरान निर्माण कार्यो की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधिक से अधिक श्रमिकों को मनरेगा अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने पर भी जानकारी दी गई। ज्ञातव्य है, कि विकासखण्ड पंचायतों में श्रममूलक पर्याप्त कार्य स्वीकृत है, जिसके तहत मांग अनुसार निरंतर श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। मजदूरो का 15 दिवस बैक खाते के माध्यम से भुगतान की रोजगार दिवस में विस्तार से जानकारी दी गई। गौरतलब है कि योजना के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2022-23 पंजीकृत परिवार 1,19,198 कुल परिवार है। जिसमें से 1,79,780 परिवारों को रोजगार दिया जा चुका है। 20 लाख 55 हजार मानव दिवस सृजित किया गया है। वर्तमान में वृक्षरोपण कार्य, पशु शेड, नवीन पंचायत भवन, आंगनबाडी, उचित मूल्य की दुकान, गौठान में शेड नरवा कार्य, निर्माण इत्यादि कार्य निरंतर चल रहे।

### युवाओं ने अग्निवीर बनने दिखाया कौशल

**दुर्ग।** सेना भर्ती रैली में युवाओं का अपूर्व उत्साह दुर्ग जिले में दिख रहा है। सेना भर्ती स्थल के पास बड़ी संख्या में युवा अपना कौशल दिखाने पहुंच रहे हैं। सेना भर्ती में यह दिन सिर्फट्रेडसमेन के लिए रखा गया था। आज 6604 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था इसमें 3800 युवा भर्ती रैली में भाग लेने पहुंचे। इसके अलावा नर्सिंग अटेंडेंट की भर्ती प्रक्रिया 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक चलेगी। भर्ती में पहुंचने वाले युवाओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था प्रशासन ने की है, और सारी व्यवस्थाओं की निरंतर मानिटरिंग कराई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से युवाओं की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी लगातार स्थिति की मानिटरिंग में लगे हुए हैं। जहां भी किसी तरह की दिक्कत होती है समाधान के लिए तुरंत निर्देशित किया जाता है। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा नियमित रूप से सेना भर्ती स्थल में पहुंच कर सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं।

### मर्चेन्ट मिल विभाग के कर्मचारियों को शिरोमणि पुरस्कार सम्मान

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल जोन-1 के अन्तर्गत मर्चेन्ट मिल विभाग में दिनांक 06 दिसम्बर 2022 को पाली शिरोमणि एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मर्चेन्ट मिल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार योजना के तहत 39 कर्म शिरोमणि एवं 14 पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आज के कार्यक्रम में अत्तार फारूख कुरैशी, चार्जमेन-कम-वरिष्ठ तक्नीशियन (यांत्रिकी) एवं अब्दुल रसीद, चीफमास्टर ऑपरेटर, मर्चेन्ट मिल को पाली शिरोमणि पुरस्कार और डी सी सरकार, मास्टर ऑपरेटर, बाला राम, ऑपरेटर-कम-तक्नीशियन, अनील कुमार साहू, मास्टर ऑपरेटर एवं तोमन लाल देशमुख, मास्टर तक्नीशियन, मर्चेन्ट मिल को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। कार्य के दौरान सभी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने व संसाधनों का उच्चतम उपयोग करते हुए बेहतर प्रतिफल प्राप्त करने पर जोर दिया।

# कृष्णानगर में अतिक्रमण को देख भड़के आयुक्त,कब्जा करने वालों को दी चेतावनी

## औचक निरीक्षण में पहुंचे थे, मलबा बिखेरने वालों को भी दी हिदायत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास ने बुधवार की सुबह नेहरू नगर जोन क्षेत्र के कृष्णा नगर मोहल्ले का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई स्थानों पर नालियों में अतिक्रमण की स्थिति देखने को मिली। बलराम चौक ,मिलन चौक, ईश्वर चौक के पास नालियों में अतिक्रमण पाया गया, जिसके कारण नालियों की सफाई में अवरोध उत्पन्न हो रहा था। आयुक्त ने इन कब्जों को देख अतिक्रमण कारियों को फटकार भी लगाई और टीम को इसे हटाकर नालियों की वृहद सफाई कराने के निर्देश भी दिए ।**



यहां आलम यह था कि कुछ लोगों ने तो नाली के ऊपर कबाड़ एवं अपनी घरेलू सामग्री भी रखी थी, इसे भी हटाने के निर्देश निरीक्षण के दौरान दिए गए। इधर मलबा बिखेरकर सड़क बाधा करने वालों को, सड़क किनारे से मलबा हटाने की हिदायत दी गई। वही मलबा नहीं हटाने वालों पर मलबा जब्ती के साथ ही जुर्माना की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### देखी पाइप लाइन की स्तिथि

कैंप 2 में डायरिया फैलने के बाद आयुक्त शहर की पाइप लाइन की लिकेज को काफी गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने कृष्णा नगर के निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन की स्थिति देखी। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन लीकेज की समस्या कहीं भी उत्पन्न न हो, इसका विशेष ध्यान रखें, जहां भी पाइप लाइन के लीकेज का मामला संज्ञान में आए इसका तत्काल संधारण करने की बात कही। वही वार्ड के कुछ स्थानों पर आयुक्त ने पानी निकासी के लिए नाली व्यवस्था सुदृण करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने स्थानीय निवासियों से भी चर्चा की तथा उनसे फीडबैक लेकर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए तथा समाधान योग्य मुद्दों के लिए अधिकारियों को उचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशु मालिक अपने मवेशियों के चारा पानी की व्यवस्था अपने निवास के दायरे के भीतर ही करें तथा मवेशियों को खुले में न छोड़े। कृष्णा नगर में आयुक्त ने पुल की भी स्थिति देखी तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नेहरू नगर के जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, सहायक अभियंता आलोक पसीने एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर दुर्ग जिले ने सर्वाधिक राशि का दिया योगदान

## राज्यपाल ने सम्मानित किया कलेक्टर मीणा को



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सर्वाधिक राशि योगदान के लिए दुर्ग जिले को राज्पाल ने पुरस्कृत किया। पूरे प्रदेश में इस विशेष दिन के लिए राशि एकत्रित करने में दुर्ग जिले का दूसरा स्थान रहा है।

राजभवन में हुए समारोह में राज्यपाल अनुसुईया उइके के हाथों कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने सम्मान ग्रहण किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि सैन्य कल्याण के लिए और सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए राज्य भर के नागरिकों ने अपना जज्बा दिखाया है। दुर्ग जिले के नागरिकों ने भी इसमें अपना बड़ा योगदान दिया है।

देश को मजबूत करने में सेना की अहम भूमिका है। झंडा दिवस के अवसर पर नागरिकों ने जो राशि एकत्रित की है उससे पता चलता है कि अपनी देश के सरोकारों से नागरिक कितनी गहराई से जुड़े हैं। उन्होंने दुर्ग सहित इस कोष में योगदान करने वाले अन्य जिलों और यहां के रहवासी नागरिकों की प्रशंसा की।

# रिसाली सेक्टर में लगेगा हाईमास्क, महापौर ने किया भूमिपूजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। रिसाली सेक्टर पूर्व वार्ड नं. 7 में हाईमास्क लाइट और नाली निर्माण किया जाएगा। इसके लिए महापौर शशि सिन्हा, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू, सभापति केशव बंछोर ने भूमिपूजन किया।**

बुधवार को निगम कार्यालय के सामने खेल मैदान में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर ने कहा कि रिसाली सेक्टर टाउनशिप का हिस्सा है। 4 दशक से भी पहले की कॉलोनी है। वर्तमान में नाली और प्रकाश व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है।

प्राथमिकता के आधार पर हम कार्यो को मूर्त रूप दे रहें है। इस अवसर पर महापौर परिषद के सद्स्य अनुप डे, चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, ईश्वरी साहू, ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, पार्षद संजू नेताम, जमुना ठाकुर, अनिल देशमुख, एल्डरमेन संतू यादव, निजाम, शिशिर साहू, आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास के कार्यों की समीक्षा की

# कलेक्टर ने कहा-आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार की हो नियमित मॉनिटरिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के हितग्राहियों की संख्या, बच्चों और गर्भवती माताओं को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम दिए जाने वाले पोषण आहार का वितरण, सेक्टरवार गंभीर एवं कुपोषित बच्चों की संख्या, जर्जर एवं निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन, मिनी आंगनबाड़ी केंद्र, वजन त्यौहार आदि की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में दी जाने वाली पोषण आहार का सभी सेक्टर सुपरवाईजर नियमित रूप से



निरीक्षण व मॉनिटरिंग करें। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने अपने क्षेत्र के मध्यम एवं कुपोषित बच्चों के घर जाकर अभिभावकों से भेंट-मुलाकात करने और उन्हें बच्चों के पोषण आहार के लिए जागरूक करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### घुमंतु बच्चों पर भी रखें नजर

कलेक्टर ने सभी सीडीपीओ और सेक्टर सुपरवाईजर को बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उनके संवैधानिक हितों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शासनकी ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमों और योजनाओं को सुव्यवस्थित ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। जिसमें समेकित बाल विकास सेवा पर विशेष जोर देने की बात कही। इसके साथ साथ कलेक्टर ने जर्जर, निर्माणाधीन और किराए से संचालित आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की जानकारी ली। उन्होंने जर्जर भवनों की सूची शीघ्र भेजने, निर्माणाधीन भवन को पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराने और निर्माण हो चुके भवनों की हस्तांतरण की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती माताओं और बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से दी जाने वाली गरम भोजन की समीक्षा भी की और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड आदि के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली । उन्होंने कहा कि ऐसे घुमंतू बच्चों जिनके माता पिता या अभिभावक नहीं है, जो नशे के में लिप्त हैं आदि , इन बच्चों को भी चिन्हांकित किया जाए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन व अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

9 दिसंबर से करेंगे शंखनाद, सभी मोर्चा के कार्यकर्ता देंगे साथ

# भाजपा जिलाध्यक्ष करेंगे शहर के वार्डो में पदयात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई के अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया शुरुआत से पदयात्रा शुरू करेंगे ।भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ एक शंखनाद पदयात्रा के माध्यम से से भिलाई निगम के विभिन्न वार्डों तक पहुंचेंगे। वार्ड न. 1 से लेकर 70 तक कि इस पदयात्रा में उनके साथ पार्टी के पार्षद एवं छाया पार्षद , पार्टी के वरिष्ठ नेता युवा मोर्चा ,महिला मोर्चा एवं अन्य मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता शामिल होकर जनता से सीधा संवाद करेंगे। इस दौरान समस्याओं की जानकारी ली जाएगी और उनको एकत्र कर नगर निगम आयुक्त के सामने निराकरण के लिए ज्ञापन के माध्यम से रखी जाएगी।



**भ्रष्टाचार में डूबा निगम :** बिचपुरिया ने बताया कि नगर निगम पूरी तरीके से भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है ।लम्बे समय से व्याप्त भ्रष्टाचार ,नियमित एवं ठेका कर्मचारियों को समय पर वेतन ना मिलना , निगम क्षेत्र में नालियों की सड़को की सफाई ना होना और गन्दगी और कचरे का अम्बार लगना , नालियों के अंदर से वाटर पाइप लाइन और गंदे पानी का पाइप एक साथ जाने के कारण प्रदूषित जल लोगों के घर में पहुंचना ढ्ढ पानी टंकियों की सफाई ना होने के कारण लोगों को प्रदूषित जल पीने के लिए मजबूर होना जैसे कई बड़ी समस्याएं शहर भर में है। उन्होंने बताया कि इन सब कारणों से पिछले दिनों डायरिया का प्रकोप पूरे कैंप एवं अन्य क्षेत्रों में फैला जिसकी वजह से दो परिवारों ने अपने घर के सदस्यों को खो दिया जिन्हें आज तक कोई भी मुआवजा या सहायता उन परिवारों को नहीं दी गई। आज भी डायरिया के मरीज लगातार गंदे पानी पीने की वजह से आ रहे है और इस रोग से ग्रसित होकर के पीड़ित हो रहे है ।

**गरीब आवास से भी वंचित :** इसके अलावा भूपेश सरकार केंद्र सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा स्वीकृत लाखों गरीबों को आवास से वंचित रख रही है। करोड़ो का भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों का संरक्षण कर रही है ,और खुद भी भ्रष्टाचार में सरकार पूर्ण रूप से लिप्त है ढ्ढ इन्हीं सब बातों को लेकर मेरे द्वारा भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर इस शंखनाद पदयात्रा का शुभारंभ 9 दिसंबर की सुबह 9.30 बजे जुनवानी चौक वार्ड न. 1 से होगा और श्री राम चौक हुडको में एक वृहत आम सभा के रूप में समाप्त होगी जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव एवं अन्य प्रदेश के नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा ढ्ढ इस यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष के साथ वैशाली नगर विधानसभा के विधायक विद्या रतन भसीन पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय ,क्षेत्रीय सांसद विजय बघेल सम्माननीय राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय पदयात्रा में शामिल होंगे।

# बीटी रोड की मरम्मत के लिए मिले 5 करोड़, गृहमंत्री का जताया आभार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** शहर के बीटी रोड की मरम्मत करने 5 करोड़ दिलाए जाने पर नगर पालिक निगम रिसाली के एमआईसी ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का आभार व्यक्त किया। महापौर परिषद के सद्स्यों ने दुर्ग ग्रामीण विधायक व लोकनिर्माण विभाग मंत्री से मुलाकात की। सद्स्यों ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में में उन्हें बताया।

मंत्री साहू ने एमआईसी सद्स्यों से कहा कि वे पहले निगम की आय बढ़ाने मंथन करें। उन्होंने चल रहे विकास कार्यो के गुणवत्ता पर ध्यान रखने कहा। साथ ही ऐसे कार्यो को प्राथमिकता से करे जिसमें बड़े पैमाने पर लोगों को राहत मिले। गृहमंत्री से मुलाकात करने वाले चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनुप डे, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, सनीर साहू, परमेश्वर कुमार, पार्षद चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, विनय नेताम आदि शामिल थे।

भिलाई के लिए सुखद खबर, उच्च गुणवत्ता की सस्ती दवा की राह अब और आसान

# शहर का छठवां और टाउनशिप का पहला जेनेरिक मेडिकल स्टोर सेक्टर 9 में

## महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त रोहित व्यास एवं बीएसपी के ईडी मिलिंद गदरे ने किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई शहर के लिए आज एक सुखद खबर है, सेक्टर 9 अस्पताल परिसर में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर का आज शुभारंभ महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त रोहित व्यास एवं बीएसपी के अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन मिलिंद गदरे ने किया। इसी के साथ ही भिलाई शहर में अब छः जेनेरिक मेडिकल स्टोर हो गये है। बीएसपी सेक्टर क्षेत्र में यह पहला धन्वंतरी मेडिकल स्टोर होगा।**

शुभारंभ के अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी संदीप निरंकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। मेडिकल स्टोर्स का फीता काटकर शुभारंभ करने के पश्चात मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण जनप्रतिनिधि



एवं अधिकारियों ने किया और स्टोर्स के संचालको से दवाईयों के स्टॉक के बारे में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के प्रयासों से सेक्टर एरिया में भी धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स से उच्च गुणवत्ता की सस्ती दवाइयों का लाभ लोगों को मिल पाएगा। सेक्टर 9 अस्पताल में बड़ी संख्या में नागरिक इलाज के लिए यहां आते है, सभी लोगों को इस मेडिकल से सस्ती दवा का लाभ मिलेगा। सेक्टर 9 अस्पताल परिसर में जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ होने के बाद अब भिलाई निगम क्षेत्र में धनवंतरी योजना के तहत कुल छः मेडिकल स्टोर हो गये है। अस्पताल में जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स खुलने से अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीज एवं परिजनों को दवाइयों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा तथा 66 प्रतिशत छुट के साथ दवाईयां उपलब्ध हो पाएगी। इससे पूर्व शहर में सुभाष मार्केट मेडिकल लाईन, भगवा चौक कुरूद एवं महिला मदर्स मार्केट पावर हाउस, सुपेला शास्त्री अस्पताल तथा 18 नं. रोड में आंगनबाड़ी के पास में जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ हो चुका है। अच्छी गुणवत्ता की सस्ती दवाइयों की मांग को देखते हुए तथा शहर में स्वास्थ्यगत योजनाओ को बढ़ावा देने के लिए एक और मेडिकल स्टोर का लाभ विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के प्रयासों के चलते लोगों को मिलेगा।

गौरतलब है कि माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वकांक्षी योजना श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर योजना के तहत भिलाई वासियों को उच्च गुणवत्ता की सस्ती दवाइयों का लाभ मिल रहा है, इसी कड़ी में सेक्टर 9 में भी धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स का शुभारंभ हुआ है, अब इस मेडिकल स्टोर्स का लाभ भी भिलाई वासियों को मिलेगा।

# आनंद चाहिए तो जिनवाणी में गोता लगाए : आचार्य विशुद्ध सागर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि जिसको सम्यक दर्षन होता है, वह भक्ति से दूर नहीं हो सकता। सम्पूर्ण विश्व का आनंद चाहिए तो जिनवाणी में गोता लगाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कथानक पुराण व दृष्टांत आत्मा के अंदर प्रवेशकराते है। नसिया तीर्थ में ज्ञान कल्याणक के दिन एक प्रसंग के माध्यम से आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने बताया कि ज्ञान यदि लंगड़ा है और चरित्र यदि अंधा है तो दोनों को मिलाकर मोक्ष के मेले तक पहुँचा जा सकता है।

संसार में श्रेष्ठ वक्ता बनना है तो उसके लिए तैयारी नहीं करनी चाहिए बल्कि तैयार रहना चाहिए। तैयारी करने वाले के माथे फट जाते है। जो श्रावक को पुण्य क्रिया करने का निषेध कर रहा है वह छल कर रहा है। काम ऐसे करो कि पाप का बंध न हो। ऊंचा देखो और ऊंचा बोलो। किसी भी वस्तु या व्यक्ति को अच्छी आंखों से देखो। सबके दिन एक जैसे



नहीं होते समय कभी भी बदल सकता है। आचार्य जी ने कहा है कि जिनालय में दान करने से स्वर्ग मिलता है। दान करने से गृहस्थी के पाप कटते है। उन्होंने कहा कि मंदिर के लिए किए गए दान का उपयोग अपने लिए कभी मत करो उससे नरक गति प्राप्त होती है।

### भगवान का हुआ आहार

बुधवार को ज्ञान कल्याणक के दिन सुबह 7 बजे नित्य महाभिषेक शांतिधारा पूजन एवं शांति हवन हुआ। पूर्वान्ह 10 बजे भगवान का आहार का कार्यक्रम हुआ। दोपहर 1 बजे ज्ञान कल्याणक की अंतरंग क्रियाएं प्रारंभ हुई। श्रीजी की स्थापना मंत्र साधना तिलक दान मुखोद्घाटन नेत्रोन्मीलन प्राण प्रतिष्ठा सूरी मंत्र केवल ज्ञानोत्पत्ति समवशरण रचना, तत्वचर्चा ज्ञान कल्याणक पूजन व जिनबिम्ब स्थापना का कार्यक्रम हुआ, शांति धारा का सौभाग्य कमल कुमार, विनोद कुमार पाटनी को प्राप्त हुआ। आचार्य जी के पाद प्रसाद का अवसर मूलचंद नमन गंगवाल कांची व शास्त्र भेंट का सौभाग्य मुन्नी देवी रतन लाल पाण्डया को प्राप्त हुआ। दीप प्रज्जवलन राकेश छाबड़ा, दिलीप बाकलीवाल व पंकज छाबड़ा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छ.ग.वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अध्यक्ष व विधायक अरूण वोरा ज्ञानचंद गंगवाल, महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला भाजपाध्यक्ष जीतेन्द्र वर्मा अन्य अतिथि के रूप में सविता अश्वत जैन कर्नाटक देवेन्द्र अजमेरा गोन्दिया पंकज बोहरा नागपुर प्रदीप पाटनी रायपुर व बलौदाबाजार के अध्यक्ष उपस्थित थे। मंच संचालन जितेन्द्र पाटनी ने किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950